दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 146
कोटद्वार शुक्रवार
22 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## ताऊ के बेटे ने किया किशोरी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर लगा पता

**देहरादून।** 14 वर्षीय किशोरी के साथ उसके ताऊ का बेटा डराकर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता चार महीने की गर्भवती हो गई। उसकी तबीयत खराब हुई तो प्रकरण का पता लगा। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि शिमला बाईपास रोड निवासी महिला ने तहरीर दी। बताया कि उनकी बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। हाल में उसकी तबीयत खराब हुई। उल्टियां होने के साथ ही चक्कर आने लगे। डाक्टर को दिखाया तो ठीक नहीं हुई। मां ने अकेले में बैठाकर पूछताछ की। तब उसने बताया कि जून से उसे मासिक धर्म नहीं हुआ है। कहा कि ताऊ का बेटा एक दिन उसे अपने घर के कमरे में ले गया। वहां कमरा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। ऐसे में पीड़िता ने किसी को इस बारे में नहीं बताया। इंस्पेक्टर नेगी ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। घटना के बाद आरोपी फरार है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। वह राज मिस्त्री का काम करता है।

## 1984 दंगे : दिल्ली की अदालत 12 अक्टूबर को सज्जन कुमार के खिलाफ अभियोजन साक्ष्य दर्ज करेगी

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि वह 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दंगों और अन्य आरोपों के लिए अभियोजन साक्ष्य 12 अक्टूबर को दर्ज करेगी।

अदालत ने दंगों के दौरान तीन सिखों की कथित हत्या के मामले में कुमार को बरी कर दिया था। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ कुमार को बरी कर दिया।

विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने 1984 में जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुए दंगे से संबंधित दो मामलों को 12 अक्टूबर को अभियोजन साक्ष्य दर्ज किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया है। जनकपुरी का मामला 1 नवंबर, 1984 को दो सिखों – सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से संबंधित है। दूसरा मामला 2 नवंबर, 1984 को गुरुचरण सिंह को जिंदा जलाने से संबंधित है, जो विकासपुरी पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने सहकारी समिति घोटाले में सीबीआई जांच पर पिछला आदेश बरकरार रखा

**कोलकाता ,एजेंसी ।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एकल–न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को बरकरार रखा जिसमें पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक सहकारी समिति द्वारा कथित मनी लॉन्ड्रिंग की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था।25 अगस्त को, कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने 25 अगस्त को अलीपुरद्वार में नकद ऋण देने वाली सहकारी समिति के खिलाफ आरोपों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया।

# महिला आरक्षण विधयेक को संसद की मंजूरी

## राज्यसभा में सर्वसम्मति के साथ पारित हुआ बिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बिल को मंजूरी दे दी है। लोकसभा के बाद इसे राज्यसभा ने भी पारित कर दिया। इस बीच पीएम मोदी ने सभी सांसदों का आभार जताया और इसे संसदीय इतिहास का स्वर्णिम अवसर करार दिया।

विधेयक के पारित होने के बाद सभापति धनखड़ ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि हिंदू रीति के अनुसार आज पीएम मोदी का जन्मदिन है। मैं उन्हें कोटि–कोटि बधाई देता हूं।

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी महिला आरक्षण विधयेक पारित हो गया है। सदन ने सर्वसम्मति के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास कर दिया। बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े। बिल का किसी भी सांसद या पार्टी ने विरोध नहीं किया। राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर वोटिंग चल रही है। मतदान की प्रक्रिया जारी है। थोड़ी ही देर में इसका फैसला सामने आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो दिन से बिल पर विस्तार से चर्चा हो रही है। दोनों सदनों में अच्छे से विचार विमर्श हुआ। आने वाले समय में यह सभी बातें सभी को प्रेरित करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बिल से देश के लोगों में एक नया विश्वास पैदा होगा। सभी सदस्यों और राजनीतिक दलों ने महिलाओं को सशक्त बनाने और 'नारी शक्ति' को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आइए देश को एक मजबूत संदेश दें।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को एक विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक पारित होने से मिल रहा है ऐसा नहीं है, बल्कि इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में मौजूद हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल महिला आरक्षण बिल पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के इस सवाल पर कि विधेयक कब लागू होगा? केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जवाब दिया कि संदेह न करें कार्यान्वयन के बारे में, 'मोदी है तो मुमकिन है'।महिला आरक्षण बिल पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मैं इस विधेयक के समर्थन में खड़ा हूं। मेरी पार्टी और क्ठउक्कअ पार्टियां पूरे दिल से इस विधेयक का समर्थन करती हैं। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार को उस समय पंचायत राज में 33 प्रतिशत आरक्षण लाने का श्रेय देना चाहती हूं। परिणामस्वरूप, हमने पंचायत स्तर पर विकास देखा, जहां आज कई राज्यों द्वारा 33% आरक्षण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। पंचायत स्तर पर महिलाओं के योगदान को दर्शाता है।निर्मला सीतारमण ने कहा कि महिलाओं से संबंधित मामलों में हम कोई राजनीति नहीं करते। यह प्रधानमंत्री के लिए विश्वास का विषय है इसलिए हम वो सब कुछ करते हैं जो हमने किया है। चाहे वह अनुच्छेद 370 हो, तीन तलाक हो या अब महिला आरक्षण विधेयक। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में कहा कि देश को अब कुछ ही घंटों में प्रज्ञान और विक्रम के नींद से जागने का इंतजार है, ऐसा होते ही यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन जाएगा। चंदमा पर 14 दिन की रात समाप्त होने वाली है और हमें बेसब्री से वहां सूयोदय होने और उसके साथ ही 'विक्रम' व 'प्रज्ञान' के सक्रिय होने का इंतजार है। महिला आरक्षण बिल पर समाजवादी पार्टी सांसद एस. टी. हसन ने कहा कि यह अपनी पीठ थप–थपाने के लिए लाए हैं। क्या यह अभी लागू नहीं हो सकता था? अगर लोग पहले भी इसे लागू कर रहे थे तो अभी क्यों नहीं हो सकता था? यह सब एक जुमला है क्योंकि समय के साथ सब इसे भूल जाएंगे। इसमें 10–20 साल लगें कुछ नहीं कह सकते। महिला आरक्षण बिल पर भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो भी किया है अच्छे मकसद से किया है। किसी अन्य प्रधानमंत्री ने ऐसी चीजें नहीं कीं...ऐसा करना (बिल का विरोध करना) उनका (विपक्ष का) काम है, हमें इसकी चिंता नहीं है।

## राज्यसभा में उपाध्यक्षों के लिए सर्व–महिला पैनल का गठन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान आज के लिए 13 महिला राज्यसभा सदस्यों के उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया।

उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस पद पर उनकी उपस्थिति से विश्वभर में एक शक्तिशाली संदेश जाएगा और यह इस बात का प्रतीक होगा कि परिवर्तन के इस युगांतकारी क्षण के दौरान वे एक 'प्रभावशाली पद' पर थीं।

उपाध्यक्षों के पैनल में नामांकित महिला राज्यसभा सदस्यों का विवरण इस प्रकार है:

1. श्रीमती पी.टी. उषा
2. श्रीमती एस. फांगनोन कोन्याक
3. श्रीमती जया बच्चन
4. सुश्री सरोज पांडे
5. श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल
6. डॉ. फौजिया खान
7. सुश्री डोला सेन
8. सुश्री इंदु बाला गोस्वामी
9. डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू
10. सुश्री कविता पाटीदार
11. श्रीमती महुआ माजी
12. डॉ. कल्पना सैनी
13. श्रीमती सुलता देव

## प्रदेश में दुर्गम वाले शिक्षकों के तबादलों पर रोक



**देहरादून।** प्रदेश में गढ़वाल मंडल के तहत किए गए सहायक अध्यापक एलटी के तबादलों पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई है। इस संबंध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल डॉ. एसबी जोशी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

आदेश में कहा गया कि 13 सितंबर को दुर्गम श्रेणी के विद्यालयों की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए केवल दुर्गम श्रेणी के विद्यालय में स्थानांतरित शिक्षकों को स्कूल से कार्यमुक्त करने की अवधि में एक सप्ताह की वृद्धि की गई थी, लेकिन अभी यह मामला शासन स्तर पर विचाराधीन है। इसलिए अगले आदेशों तक केवल दुर्गम श्रेणी के तबादले वाले शिक्षकों को तब तक कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि शासन या निदेशालय स्तर पर शिक्षकों की ओर से भेजे गए प्रत्यावेदनों का निपटारा नहीं हो जाता। इस संबंध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल डॉ. एसबी जोशी की ओर से मंडल के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि स्थानांतरण एक्ट के तहत किए गए सहायक अध्यापक एलटी के तबादलों के बाद शिक्षकों की ओर से तमाम विसंगतियां गिनाते हुए इन्हें दूर करने की मांग की गई थी। इस संबंध में कई शिक्षकों की ओर निदेशालय और शासन स्तर पर प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए गए थे। ऐसे में नए आदेश के बाद तबादला हुए शिक्षकों को फिलहाल राहत मिल गई है।

### महिला आरक्षण : पूर्व सीएम ने देश की महिलाओं को दी बधाइे

## केंद्र सरकार ने नौ साल से था अटकाया बिल: हरीश रावत

**देहरादून ।** महिला आरक्षण पर पूर्व सीएम हरीश रावत का बयान सामने आया है। उन्होंने देश की महिलाओं को इस अवसर बधाई दी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि वर्ष 2008 में पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में भारी बहुमत से पारित कराया था। इसके बाद बिल को जब लोकसभा में रखने का प्रयास किया, तब भाजपा सांसदों ने इसका घोर विरोध किया था।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ साल से इस बिल को अटका रखा था। अब बिल पास होने पर उन्होंने महिलाओं को बधाई दी। दूसरी तरफ कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि आज राजनीतिक मजबूरी और आगामी लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा को महिला आरक्षण बिल लाना पड़ा था। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी इस फैसले का स्वागत एवं समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर भारत को दुनिया में अग्रणी देशों की श्रेणी में खड़ा करने में महिलाओं की बराबर की भागीदारी रही है।

## मणिपुर हिंसा: भीड़ ने की पुलिस स्टेशनों पर धावा बोलने की कोशिश

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में जारी हिंसा थमती नहीं दिख रही है। इस बीच, पांच युवकों की गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार को भीड़ ने हिंसक प्रदर्शन किया। बिना शर्त इन युवकों की रिहाई की मांग कर रही भीड़ ने इंफाल पूर्व में पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन और इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस स्टेशन और क्काकीथेल पुलिस चौकी पर हमले की कोशिश की। हालांकि, सुरक्षा बलों ने उनकी इस कोशिश को नाकाम कर दिया।

सुरक्षा बलों ने इन लोगों ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने इस बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में शाम पांच बजे से कर्फ्यू में दी गई ढील रद्द कर दी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि भीड़ को छह स्थानीय क्लबों और मीरा पैबिस ने उकसाया था। इस दौरान पोरोम्पैट में बिमोला नाम के एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारे पास गिरफ्तारी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था क्योंकि सरकार ने पांच गांव के स्वयंसेवकों को रिहा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही गांव के स्वयंसेवकों को गिरफ्तार किया जाता रहा तो मैतेई गांवों की रक्षा कौन करेगा। गौरतलब है कि 16 सितंबर को मणिपुर पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार रखने और फर्जी वर्दी पहनने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

## महिला आरक्षण से 2029 में चुन कर आ सकेंगी महिलाएं : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला आरक्षण बिल का असर 2029 के चुनाव में देखने को मिलेगा। गुरुवार को राज्यसभा में बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि आज यह बिल पास किया जाता है तो 2029 में महिलाएं, आरक्षित सीटों पर सांसद बनकर आ जाएंगी। यही सबसे छोटा रास्ता है। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। नड्डा ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि यदि बिल पास नहीं किया जा सका तो 2029 में भी महिलाएं चुनकर नहीं आ सकेंगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यही सबसे छोटा रास्ता है और यही अकेला रास्ता भी है, इसलिए इसी रास्ते से हमें जाने की आवश्यकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने नड्डा को टोका। खडग़े ने कहा कि मैं कबीर का एक दोहा पढ़ता हूं कल करे सो, आज कर, आज करे सो अब, पल में प्रलय होगी तो कार्य करोगे कब। खडग़े ने कहा कि जब पंचायत, जिला पंचायत एक्ट से महिलाओं को आरक्षण मिला तो फिर केंद्र सरकार द्वारा लाया गया महिला आरक्षण तुरंत लागू क्यों नहीं हो रहा। खडग़े ने भाजपा अध्यक्ष से कहा कि आप महिलाओं को अभी आरक्षण दीजिए, हम इसमें सहयोग के लिए तैयार हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की नियत यहां कोई राजनीतिक लाभ लेना नहीं है। हमारा उद्देश्य महिलाओं का सही मायने में सशक्तीकरण करना है। अगर हमको राजनीतिक लाभ लेना होता तो हम कह देते कि इसे हम अभी कर लेंगे। नड्डा ने कहा कि यही एकमात्र रास्ता है और यही सबसे छोटा रास्ता भी है। इस पर विपक्ष ने 'नो–नो' कहना शुरू कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार नियम–कानून से चलती है। नियम–कायदों के अपने दायरे होते हैं।

पीएम मोदी जो काम करते हैं, वह पक्का काम करते हैं कच्चा नहीं करते। नड्डा ने कहा कि मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सदैव सम्मान देने में अग्रसर रही है। लोकसभा में हमारी 42 और राज्यसभा में 14 महिला सांसद हैं। 10 केंद्रीय मंत्री हैं। नड्डा ने कहा कि हम पहली और इकलौती पार्टी हैं, जो संवैधानिक तौर पर 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओ को देते हैं हर समिति में।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार में पहली महिला विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, पहली महिला वित्त मंत्री, पहली महिला रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण, कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में पहली महिला सदस्य हमारी सरकार ने दी। इस पर विपक्ष ने कहा कि देश को पहली महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के रूप में दी।

नड्डा ने कहा, उन्होंने इस बात का उल्लेख पहले ही अपने भाषण में किया है। महिलाओं को किस सीट पर आरक्षण मिले, इसका फैसला सरकार नहीं करती। इसका निर्णय एक न्यायिक बॉडी करेगी। इस पर विपक्ष ने शोर मचाना शुरू किया। जवाब में नड्डा ने कहा कि मैं सरकार में हूं और ऐसे में अगर मैं वायानाड लोकसभा सीट को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दूं तोज्। यदि मैं अमेठी, रायबरेली, कलबुर्गी सीट को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दूं तो। नड्डा ने कहा कि महिलाओं की सीटें आरक्षित करने के लिए दो चीज आवश्यक है। पहला जनगणना और उसके साथ पब्लिक हियरिंग हो, सीट निकाली जाए, नंबर निकाला जाए।

# भारत में कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा पर रोक

## तनाव के बीच मोदी सरकार का सख्त एक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालीस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या पर कनाडा के आरोपों पर भारत ने सख्ती दिखाई है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लगाए आरोपों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में भारत ने कनाडा के नागिरकों के लिए भारत में वीजा सेवाओं को सस्पेंड कर दिया है। ऑपरेशन कारणों का हवाला देते हुए इसे अगले आदेशों तक निलंबित किया गया है।

निलंबन के यह आदेश आज से लागू हो गए हैं। बीएलएस इंडिया वीजा एप्लीकेशन सेंटर ने भारतीय मिशन की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि ऑपरेशनल कारणों से 21 सितंबर, 2023 से कानाड के नागरिकों के लिए भारतीय वीजा सेवाओं को निलंबित किया जाता है। इससे पहले भारत ने एक्शन लेते हुए कनाडा के वरिष्ठ राजदूत को पांच दिन में देश छोडऩे का आदेश दिया था। बता दें कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूंडो ने आरोप लगाया है कि कनाडा के नागरिक और खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता है।

भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। यही नहीं, भारत सरकार ने पिछले कल ही कनाडा जाने वाले लोगों के लिए यह एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि कनाडा में डिप्लोमैट्स और भारतीय समुदाय के लोगों पर हमले की घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने ऐंटी इंडिया एजेंडा का विरोध किया था। इसलिए भारतीय लोगों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे स्थानों पर जाने से बचें या फिर न ही जाएं, जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। कनाडा सरकार ने देश में सुरक्षा खतरों को लेकर भारत द्वारा जारी किए गए यात्रा परामर्श को खारिज करते हुए कहा कि यह दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक है और उसने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## कनाडा में गैंगस्टर सुक्खा की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव चल रहा है। इसी बीच कनाडा में एक और गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा की हत्या हो गई है। अज्ञात हमलावरों ने कनाडा के पीनीपेग सिटी में गैंगस्टर सुक्खा की होली मारकर हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने सुक्खा पर करीब 15 राउंड फायरिंग की जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुक्खा उन 41 आतंकियों और गैंगस्टर की लिस्ट में शामिल था जिस ठक्अ ने हाल ही में जारी किया है।



बता दें कि सुक्खा साल 2017 में फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत से कनाडा भाग गया था। भारत में उसके खिलाफ कई केस चल रहे हैं। सुक्खा दुन्नेके पंजाब के मोगा का रहने वाला था।

जुर्म की दुनिया में कदम रखने से पहले सुक्खा मोगा डीसी कार्यालय में काम करता था। भारत में उसके खिलाफ करीब 7 आपराधिक मामले दर्ज थे। सुक्खआ खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिहं उर्फ अर्श डाला का राइट हैंड माना जाता है।

### हमलावरों ने की 15 राउंड फायरिंग, मौके पर मौत

गौरतलब है कि इससे पहले ठीक इसी तरह खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की भी अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कनाडा निज्जर की हत्या को लेकर भारत को कसूरबार ठहरा रहा है। इसी को लेकर अब दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया है।वहीं, अब सूक्खा की हत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। सुक्खा की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है।

# मेयर गामा की अध्यक्षता में हुई डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु बैठक



देहरादून। डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आज नगर निगम बोर्ड बैठक सभागार में माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा की अध्यक्षता में जनपद की विभिन्न हासिंग सोसायटी के सदस्यों एवं पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैंठक में डेंगू पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सुझाव के साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा डेंगू से निपटने एवं प्रभावी नियंत्रण विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु वार्डवार नामित किये गए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

मननीय मयेर नगर निगम सुनील उनियाल ने कहा कि डेंगू की रोकथाम हेतु सभी को सजग रहने की आवश्यकता है, जिसके लिए सभी को आपसी सहयोग से कार्य करना है तथा इसमें जनभागीदारी भी आवश्यक है। सभी अपने आसपास साफ सुथरा रखना है तथा कहीं भी लार्वा न पनपे इसके लिए घरों अथवा घरों के आसपास पानी जमा न हो इसका ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारी कार्य कर रहे हैं, जल्द ही डेंगू पर नियंत्रण पा लेंगे। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगे अधिकारी/कार्मिक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सघन अभियान चलाएं तथा सजग होकर कार्य करें इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने कहा सभी अधिकारी, आशा फैसिलेटर से आशा का नम्बर लेंले तथा प्रत्येक दिन दिए गए क्षेत्र का निरीक्षण करें आशा कार्यकर्ती से समन्वय करें। आशा कार्यकर्ती जो घरों में जांच कर रही है कुछ घर भी देख लिए जाए यदि कोई आशा कार्यकर्ती ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर पा रही है तो उसे उसका कार्य समझा दे कि किस प्रकार से सर्वे करना है लार्वा को नष्ट करना है।

## जल निगम में समय पर मिलेंगे वेतन समेत सभी लंबित भत्ते

देहरादून। जल निगम कर्मचारी महासंघ की वित्तीय स्थिति सुधरने पर पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ ने एमडी सुरेश चंद्र पंत का आभार जताया। महासंघ प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एमडी से मुलाकात कर बधाई दी। महासंघ की गढ़वाल मंडल इकाई ने एमडी का स्वागत किया। अध्यक्ष शेखर जोशी ने कहा कि 2009 के बाद ये पहला मौका है, जब हर महीने कर्मचारियों को समय पर वेतन समेत अन्य लंबित भुगतान हो रहे हैं। सातवें वेतनमान के एरियर, ग्रेच्युटी समेत अन्य सभी भुगतान हो रहे हैं। पहले कर्मचारियों को कोर्ट की शरण लेनी पड़ रही थी। महासंघ ने उम्मीद जताई की इस बार कर्मचारियों को दिवाली पर भी तय समय के भीतर वेतन मिलेगा। इसके साथ ही बोनस का भी भुगतान होगा।

## स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा पकड़ा, दो गिरफ्तार

देहरादून। स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने खुलासा किया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट ने चकराता रोड स्थित सेंटर में कार्रवाई करते हुए वहां केबिन में एक युवक और युवती को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। मौके से आरोपी युवक और स्पा सेंटर की मैनेजर को गिरफ्तार किया गया। वहीं स्पा सेंटर मालिक फरार है।

आरोपियों के खिलाफ गढ़ी कैंट कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। एचटीयू टीम ने बुधवार रात चकराता रोड ऋउन टॉवर स्थित डिलाइट स्पा सेंटर में छापा मारा। टीम प्रभारी मनमोहन नेगी ने बताया कि वहां मसाज की आड़ में देह व्यापार का धंधा पकड़ा गया। स्पा सेंटर की तलाशी में वहां से कई आपत्तिजनक चीजें भी मिलीं। पुलिस ने मौके पर पूछताछ की तो पता लगा कि वहां तीन युवतियों को देह व्यापार के धंधे के लिए रखा गया था। सेंटर में आने वाले ग्राहक से मसाज के लिए 800 से एक हजार रुपये चार्ज लेते। केबिन में तीनों युवती को भेजकर अतिरिक्त सर्विस के नाम किसी एक को ग्राहक से देह व्यापार के लिए पसंद कराया जाता। जिसके लिए दो से लेकर चार हजार रुपये तक वसूलते। सेंटर में इस कामकाज को मैनेजर इरम उर्फ आंचल निवासी गांधी रोड निकट इनामुल्ला बिल्डिंग संभाल रही थी। इरम के साथ ही पुलिस ने एक युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिले आमीर (24) निवासी इनामुल्ला बिल्डिंग को गिरफ्तार कर लिया। स्पा सेंटर मालिक मनोज कुमार निवासी सोरणा, जिला सहारनपुर फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# साइबर ठगी की रकम को क्रिप्टो में बदलने वाले दो पकड़े

देहरादून। साइबर ठगी की रकम खाते में ट्रांसफर होने पर उसे क्रिप्टो करेंसी में बदलकर साइबर गैंग को वापस बेचने वाले दो आरोपी एसटीएफ ने पकड़े हैं। दोनों को पूछताछ के बाद धारा 41 के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया। दोनों दक्षिण भारतीय एक व्यक्ति से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में आए थे। उसके लिए दोनों काम कर रहे थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि प्रियंका नेगी ने 18.11 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी को लेकर मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि ब्रांडलूम डिजिटल मार्केटिंग कंपनी बनाकर साइबर ठगों ने ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर उनसे यह रकम ठगी। तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में केस दर्ज किया। केस की जांच इंस्पेक्टर विकास भारद्वाज को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि पीड़ित से ठगी गई रकम में कुछ राशि यस बैंक के एक खाते में जमा कराई गई। उस रकम को बाद में आईसीआईसीआई बैंक शाखा नवलगढ़ जिला सीकर के खाते में ट्रांसफर किया गया। यह खाता कादिर खान निवासी वार्ड तीन ग्राम चूड़ीमियां तहसील लक्ष्मण गढ़ थाना बलारा जिला सीकर के नाम था। खाते का एसएमएस एलर्ट नंबर अनीस खान निवासी मेन बाजार के पास, चूड़ीमियां तहसील लक्ष्मण गढ़ थाना बलारा जिला सीकर का था। पुलिस ने सीकर जिले में दबिश देकर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ के लिए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि क्रिप्टो करेंसी में ट्रेड करने वाले दक्षिण भारत के एक व्यक्ति से उनका संपर्क व्हाट्सएप के जरिए हुआ। उसने अपनी रकम बताते हुए उनके खाते में 2.46 लाख रुपये डलवाए। जिन्हें क्रिप्टो टोकन में बदलवाकर वापस लिया।

इसके एवज में कुछ रकम पीड़ितों को मिली। अपराध में मिलीभगत पाए जाने पर दोनों केस में आरोपी बनाते हुए दोनों को नोटिस देकर छोड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ में पता लगा कि क्रिप्टो करेंसी में काम करने वाले व्यक्ति दो करोड़ से ज्यादा रकम क्रिप्टो करेंसी में बदलकर देश से बाहर भेज चुका है।

## राज्य पुरस्कार जांच शिविर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड भारत स्काउट एवं गाइड के सहयोग से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ में पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व अंतिम रात्रि को ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राशिसं के अध्यक्ष नरेश भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से बच्चों का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास होता है। कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है जो अल्प संसाधनों से आदर्श भावी नागरिकों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ जिला संस्था को हर संभव सहयोग करेगा। संघ के संरक्षक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन रावत ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संस्था जनपद में बेहतर कार्य कर रही है। जिला कमिश्नर शीशपाल रावत ने शिविर की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान नगर क्षेत्र में एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर शंकर भट्ट ब्लॉक अध्यक्ष अगस्त्यमुनि, अजय भट्ट ब्लॉक मंत्री ऊखीमठ, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि असवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र बिष्ट प्रादेशिक संगठन आयुक्त उत्तराखंड संचालन धनंजय भंडारी जिला संगठन आयुक्त ने किया। इस अवसर पर शीशपाल पंवार जिला उप सचिव एवं उपाध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ, एमएस नेगी, यशपाल कैन्तुरा, शाकंबरी कंडारी, सुधा उनियाल, साक्षी वर्मा, बीना शर्मा, कुलदीप सेमवाल, अतुल कठैत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# सफेदपोश अपराधियों पर कसेंगे नकेल: एसएसपी

देहरादून।सफेदपोश अपराधियों पर जिला पुलिस शिकंजा कसेगी। जिले के नव नियुक्ति एसएसपी अजय सिंह ने चार्ज संभालते ही इस पर फोकस किया है। यह निर्देश उन्होंने गुरुवार रात जिला पुलिस की क्राइम मीटिंग में दिया।

नशा तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई और सतर्कता बरतने को कहा गया। पुलिस लाइन स्थित सभागार में उन्होंने पुलिस की क्राइम मीटिंग ली। इससे पहले सैनिक सम्मेलन हुआ। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। मौके पर बेहतर काम करने वाले 29 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद क्राइम मीटिंग लेते हुए कहा कि सफेदश पोश लोग अपराध में बढ़ रहे हैं। खासकर धोखाधड़ी के मामले में। रकम लेकर इसके बाद पीड़ित को अपनी पहुंच का हवाला देकर डराते हैं। ऐसे अपराधियों की सूची उनकी अपराधिक शिकायतों के साथ तैयार कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्ट्रीट क्राइम जैसे मोबाइल, चेन, पर्स छीनने की घटनाओं में पुलिस ने धारा 356 के तहत दर्ज करती है। बाद में अधिकांश केसों में लूट की धारा बढाई जाती है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस तरह के केस शुरुआत में लूट की धारा 392 में दर्ज किए जाएं। आदतन अपराधियों की अधिक से अधिक हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। प्रत्येक थाने में रजिस्टर बनाया जाएगा जिसमें उनके फोटो और क्राइम की डिटेल रख समीक्षा की जाएगी। वहीं पीड़ित केंद्रीत पुलिस पर ध्यान देते हुए एसएसपी कार्यालय में फरियादियों का रजिस्टर बनाया गया है। जिसमें थानावार एसएसपी कार्यालय पहुंचने वाले पीड़ितों की समीक्षा होगी। जहां की शिकायत ज्यादा आएंगी, उनका स्पष्टीकरण लिया जाएगा। वहीं प्रत्येक थाने में शनिवार को नशे के प्रति जागरूकता को लगने वाली चौपाल को लेकर सीनियर अधिकारियों भी शामिल होंगे।

## एक नजर

### टाटा मैजिक को नियम विरुद्ध टैक्स में छूट देन का आरोप

देहरादून।आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल ने टाटा मैजिक को नियम विरुद्ध रोड टैक्स में छूट देने का आरोप लगाया है। कहा कि परिवहन अधिकारियों ने शासन के आदेश की गलत व्याख्या कर टाटा मैजिक को नगर बसों की श्रेणी में रखकर टैक्स माफ किया है। जबकि शासन की अधिसूचना में स्पष्ट कि नगर निकाय, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत की सीमा के भीतर संचालित होने वाली मंजिली गाड़ियों को ही टैक्स में छूट होगी। लेकिन अधिकारियों ने दस सीटर टाटा मैजिक को भी ओमनी बस की श्रेणी में रजिस्टर्ड करके टैक्स में गलत तरीके से छूट दी है। उन्होंने इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### संस्कृत भाषा पर आधारित प्रतियोगिताएं 26 सितंबर से

देहरादून। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर विकास खंड में स्थित स्कूल–कॉलेजों की ब्लॉक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता 26 और 27 सितंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड में होंगी। प्रधानाचार्य प्रेमलता बौड़ाई ने बताया कि खंड संयोजिका सुस्मिता जोशी के निर्देशन में संस्कृत नाटक, समूह गान, समूह नृत्य, वाद–विवाद, भाषण और श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### ईश्वर नहीं करते किसी का बुरा: जोशी

देहरादून। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में भगवान परशुराम की चरित्र कथा प्रवचन किए जा रहे हैं। कथा व्यास आचार्य सुभाष जोशी ने कहा कि ईश्वर कभी किसी का बुरा नहीं करते। वह तो हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं, जब हम मंदिर में प्रवेश करते हैं तो प्रभु के दर्शन करते हैं और कुछ ना कुछ मांगना प्रारंभ कर देते हैं।

# दुग्ध उत्पादन में लगातार हो रहा इजाफा

रुद्रप्रयाग : जनपद में दुग्ध उत्पादन को लेकर पशुपालक काफी जागरूक हो गए हैं और लगातार दूध उत्पादन में इजाफा हो रहा है। डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते पारंपरिक किसानों ने तरक्की की है साथ ही पशुपालकों ने भी डेयरी के क्षेत्र में कामयाबी पाई है। जिला प्रशासन एवं दुग्ध विकास विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में जनपद के तीनों विकास खंडों में प्रतिवर्ष नए किसान दुग्ध विकास विभाग के जरिए दुधारू पशुओं की खरीद कर अपनी आजीविका में सुधार ला रहे हैं। नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना में डेयरी विकास विभाग किसानों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ रहा है। विभाग की ओर से किसान-पशुपालकों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी दी जा रही है। वहीं दुधारू मवेशियों की खरीद के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं की खरीद में पूरी मदद भी की जा रही है। किसान वैज्ञानिक विधि से पशुओं की देखभाल करने लगे हैं। जबकि वर्तमान समय में जिले में विभिन्न महिला समूह एवं किसान मिलकर प्रतिदिन 15 हजार लीटर से ज्यादा दूध उत्पादन कर बेच रहे हैं। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के हाट गांव के संदीप गोस्वामी बीते पांच सालों से दुग्ध व्यवसाय कर रहे हैं जो 200 लीटर दूध उत्पादन कर रहे हैं। संदीप के पास 14 मवेशी हैं। वह महीने में करीब 8500 लीटर दुग्ध उत्पादन कर तीन लाख रूपये से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं। उनके साथ 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।हाट गांव निवासी गीता देवी बेहद साधारण परिवार से हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति नाजुक थी ऐसे में उन्होंने परिवार के भरण पोषण के लिए दुग्ध व्यावसाय का रास्ता चुना। संदीप गोस्वामी ने भी उनकी मदद कर उन्हें दुग्ध विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें व्यावसाय स्थापित करने में मदद की। गीता देवी के पास 7 मवेशी हैं एवं वो महीने में करीब 3500 लीटर दूध का उत्पादन कर बेच रही हैं। गीता ने बताया कि महीने में डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई कर रही है। पुनाड़ निवासी दुर्गा नौटियाल बीते कई सालों से दुग्ध उत्पादन का काम कर रहे हैं। वह प्रतिमाह 1500 लीटर दूध की बिक्री कर रहे हैं। पुनाड़ निवासी अजय कप्रवान लंबे समय तक बेरोजगारी से जूझते रहे। इसी बीच उन्हें दुग्ध विकास विभाग की एनसीडीसी योजना की जानकारी मिली और पांच मवेशी खरीद कर अपना व्यवसाय शुरू किया।

वर्तमान में उनके पास 8 गाय हैं जिनसे करीब 3500 लीटर दूध प्रतिमाह उत्पादन कर वो बेच रहे हैं एवं डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं। अजय अपने अलावा छह और लोगों को रोजगार दे रहे हैं। मुख्यालय के नजदीकी गांव जयमंडी निवासी राकेश बिष्ट भी 1500 लीटर प्रतिमाह दूध की बिक्री कर रहे हैं। इधर, वरिष्ठ प्रबंधक दुग्ध विकास एसके शर्मा ने बताया कि नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना में डेयरी विकास विभाग किसान एवं पशुपालकों को मवेशी खरीदने एवं उनका व्यवसाय स्थापित करने में पूरी मदद कर रहा है।

## सीओ चंबा ने किया थाना छाम का निरीक्षण

नई टिहरी : सीओ चंबा सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी ने थाना छाम के मालखाना,शस्त्रागार में रखे शस्त्रों के रख रखाव के साथ थाना भवन का निरीक्षण किया। सीओ ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर नशाखोरी, साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा की। उन्होंने थाना पुलिस से इनकी रोकथाम को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठग लोगों को विभिन्न तरीकों से अपने जाल में फंसा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से फोन पर आया ओटीपी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों तथा निजी जानकारी किसी अंजान व्यक्ति के साथ साझा न करने को कहा।

## अफसर सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएं

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए डीएम ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

गुरुवार को कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने एवं सुव्यवस्थित यातायात के लिए डीएम दीक्षित ने बिना हेलमेट सवारी, बिना सीट बेल्ट सवारी, एल्कोहल, टू-व्हीलर पर तीन सवारी आदि लापरवाहियों को लेकर जनपद के समस्त एसडीएम एवं एआरटीओ को संयुक्त कार्य योजना बनाकर जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। एनएच-58 पर मशीन बढ़ाकर सारा मलबा हटाने, चन्द्रभागा से ब्रहमपुरी तक 15 दिन के अन्दर क्रेश बैरियर लगाने, टू-व्हीलर में हेलमेट को शतप्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए। मोटर मार्गों से संबंधित अधिकारियों को सड़क पर झाड़ी कटान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शामिल करते हुए तेजी से कार्य करने को कहा। जिन प्रकरणों में मजिस्ट्रीयल जांच बाकी है, उनमें तत्काल जांच करते हुए संबंधित को आर्थिक सहायता देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाड़ी में पड़े मलबे से वाहन संचालन में हो रही दिक्कतों को दूर करने के लिए बीआरओ नागणी को कार्यवाही को कहा। जनपद क्षेत्रान्तर्गत स्थित मोटर मार्गों पर पैरापिट, क्रेश बेरियर, थर्मोप्लास्ट पेंट, पैच वर्क, ब्लैक स्पॉट स्थलों पर कार्य प्रगति, चारधाम पर किये गये कार्यों की प्रगति आख्या की जानकारी ली।

# राजभवन में हुआ "आयुर्ज्ञान सम्मेलन" आयोजित





देहरादून। आयुर्वेद के सिद्वान्तों और समग्र स्वास्थ्य देखभाल में इसके महत्व के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु गुरूवार को राजभवन में ''आयुर्ज्ञान सम्मेलन'' आयोजित किया गया। आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग और आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन, जड़ी–बूटी कृषिकरण एवं संवर्धन, आयुष उद्योगों की स्थापना, वेलनेस सेन्टर, आयुष क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना है। इस सम्मेलन में आयुष सम्बन्धी संसाधन एवं संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में 'आयुर्वेद और योगिक कल्याण सिद्धांत' विषय पर प्रो. उत्तम कुमार शर्मा, प्रो०अनूप गक्खड़, प्रो. एच एम चंदोला, प्रो. वी के अग्निहोत्री, प्रो. महेश व्यास ने अपने विचार साझा किए। 'सामंजस्यपूर्ण परंपरा–आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा का तालमेल' विषय पर एम्स ऋषिकेश के निदेशक प्रो रेनू सिंह, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. हेम चंद्र, प्रोफेसर आलोक श्रीवास्तव, प्रोफेसर पी के प्रजापति, प्रो रमाकांत यादव द्वारा विचार रखे गए। 'आयुर्वेदिक चिकित्सा में उन्नति' विषय पर डॉ ज्ञानेंद्र दत्ता शुक्ला, प्रोफेसर करतार सिंह धीमान, प्रोफेसर एस के जोशी, डॉ.मनोज शर्मा ने उपस्थित लोगों के साथ अपने अनुभव साझा किए। 'जीवनशैली संबंधी विकार और उनकी रोकथाम' विषय पर प्रो ओ पी सिंह, प्रोफेसर संतोष भट्टड़, प्रोफेसर ए के त्रिपाठी, डॉ. विनोद उपाध्याय, प्रोफेसर आर के जोशी ने अपने विचार रखे। 'उत्तराखंड में खुशहाल जीवन क्षेत्र अवसर और चुनौतियाँ' विषय पर प्रोफेसर संजय त्रिपाठी, और डॉ अभिषेक रमेश ने अपने विचार रखे। आयुर्ज्ञान सम्मेलन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) मुख्य अतिथि और पतंजलि के सीईओ आचार्य बालकृष्ण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न आयुष औषधीय के निर्माण क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों ने अपने स्टॉल भी लगाए। राज्यपाल ने इन स्टॉलों का अवलोकन किया और उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने आयुर्ज्ञान सम्मेलन की स्मारिका का भी विमोचन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) कहा कि आयुर्वेद हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों की दी हुई एक अनमोल धरोहर है, जो मानवता के कल्याण और स्वस्थ्य, सुखी और निरोगी जीवनचर्या का आधार है। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता। उत्तराखण्ड राज्य अपनी विशिष्ट वनौषधि संपदा, आयुर्वेदिक ज्ञान के लिए प्रसिद्व है। प्राचीन काल से ही उत्तराखण्ड की इस पावन धरती पर, हिमालय के दिव्य आंचल में ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता चला जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक उत्तराखंडवासी आयुर्वेद ज्ञान के प्रचार–प्रसार का ब्रांड एंबेसडर है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम योग, आयुर्वेद को हर एक व्यक्ति तक पंहुचाएं और उन्हें इससे होने वाले लाभ के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पूरी मानवता के लिए एक बड़ा वरदान है। कोविड–19 महामारी के बाद पूरी दुनिया आयुर्वेद, योग और मर्म के महत्व को समझ गए हैं। आचार्य बालकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि इस सम्मेलन का प्रभाव अवश्य ही व्यापक स्तर पर होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सर्वाधिक प्राचीन परंम्परा है। आयुर्वेद के गौरव को लौटने में संशय नहीं है, ऋषियों की इस विधा की आज पुनः वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं आयुर्वेद के प्रति चेतन और जागृत होना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों में समन्वय भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आर्युवेद के इतिहास के साथ–साथ जड़ी–बूटी आश्रित पद्धतियों के इतिहास को भी पढ़ाया जाना जरूरी है। सचिव आयुष डॉ पंकज पाण्डेय ने सम्मेलन के विषय में जानकारी दी। कुलपति आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय प्रो अरुण कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव आयुष विजय कुमार जोगदंडे, प्रो० बालकृष्ण पवार, डा. नंदकिशोर दाधीच, डा० मिथलेश कुमार, डॉ के के पाण्डेय, डॉ राजीव कुरेले, सहित आयुर्ज्ञान सम्मेलन में आयुष के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे विशेषज्ञ, विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक, रिसर्चर, स्नातकोत्तर रिसर्च छात्र–छात्राओं, सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

# दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



कोटद्वार में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** समस्याओं का निराकरण नहीं होने से नाराज वन विभाग के दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द वेतन भुगतान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग के बैनर तले कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि वह पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने कार्यो का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन, पिछले पांच माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कहा कि वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा होने लगा है। परिवार की रोजी-रोटी चलाना भी एक चुनौती बन गई है। आक्रोशित कर्मचारियों ने 18 जुलाई के शासनादेश को वापस लेने के साथ ही जल्द उनके वेतन के भुगतान की मांग की है। इस मौके पर रविंद्र बिष्ट, रोहित बड़थ्वाल, प्रदीप जुयाल, ज्ञान सिंह, अमर चंद्र, प्रदीप भदूला, दीपक चौधरी, पवन, सुनील आदि मौजूद रहे।

# बाबूजी जरा धीरे चलना, बड़े गड्ढे हैं इस राह में..

## शहर में जगह-जगह सड़क पर बने गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को न्यौता , शिकायत के बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे विभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** बाबूजी जरा धीरे चलना बड़े गड्ढे है इस राह में...। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां आपकों गड्ढे न दिखाई दें। कई स्थानों पर तो सड़क गड्ढों के बीच खो गई है। पग-पग पर पड़ने वाले यह गड्ढे वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। बावजूद सरकारी सिस्टम इनके मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना हुआ है।

कोटद्वार नगर निगम बनने के बाद शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत भी नहीं कर पा रहा। नतीजा आए दिन दोपहिया वाहन चालक गड्ढों की चपेट में आने से चोटिल हो रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति नजीबाबाद चौराहे से बुद्धा पार्क के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग की बनी हुई है। डिग्री कालेज से घराट को जोड़ने वाले मार्ग पर तो सड़क गड्ढों के बीच खो गई है। गाड़ीघाट, मानपुर, देवी रोड, कौड़िया, बीईएल रोड, मोटाढांग रोड सहित भाबर क्षेत्र की भी यही स्थिति बनी हुई है। शहरवासी राजू सिंह, मनोज कुमार ने बताया कि हल्की बरसात होने पर गड्ढे कीचड़ व पानी से भर जाते हैं। जिससे सबसे अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। पूर्व में लोक निर्माण विभाग व नगर निगम ने बरसात थमने के बाद सड़क मरम्मत का आश्वासन दिया था। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। हालत देखकर लगता है कि सिस्टम को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### जगह-जगह फटी पेयजल लाइन

सड़कों पर बने गड्ढों से जगह-जगह पेयजल लाइनें भी फट गई है। ऐसे में हर रोज सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। सबसे बुरी स्थिति गाड़ीघाट, बदरीनाथ मार्ग व भाबर क्षेत्र की सड़कों पर बनी हुई है। पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण कई वार्डों में पानी का फोर्स भी बहुत कम हो गया है। जिससे लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है।


कोटद्वार में बदरीनाथ मार्ग पर तहसील के समीप सड़क पर बने गड्ढे

# भूस्खलन का बढ़ रहा खतरा, समिति ने उठाई विस्थापन की मांग


भूस्खलन की जद में आया पुलिंडा गांव के समीप का हिस्सा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** लाख शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र के ग्राम पुलिंडा वासियों के विस्थापन की सुध नहीं ले रहा। नतीजा लगातार बढ़ रहे भूस्खलन के कारण ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में विस्थापन एवं पुनर्वास संघर्ष समिति ने सरकार से दोबारा उनके विस्थापन की सुध लेने की मांग की है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वर्ष 1978 से भूस्खलन से प्रभावित दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र के पुलिंडा गांव के 128 परिवारों का विस्थापन अभी तक नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष है। पुलिंडा विस्थापन एवं पुनर्वास समिति के अध्यक्ष केएस नेगी की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि दुगड्डा ब्लॉक के घाड क्षेत्र के अंतर्गत पुलिंडा गांव में 1978 से लगातार भूस्खलन हो रहा है। स्थिति यह है कि गांव में हो रहे भूस्खलन से कई घरों में दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीण शासन-प्रशासन से लगातार उनके पुनर्वास की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

कहा कि गांव के विस्थापन और पुनर्वास के लिए कई बार प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि 24 अगस्त, 2015 के शासनादेश में जनपद में स्थित संवेदनशील गांवों को तीन श्रेणियों में बांटकर चरणबद्ध तरीके से ग्रामीणों के पुनर्वास के प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए थे। भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई उद्योग निदेशालय उत्तराखंड ने गांव पहुंचकर भूगर्भीय सर्वेक्षण किया था।

रिपोर्ट में कहा गया था कि भूस्खलन धीरे-धीरे आबादी की ओर विस्तार ले रहा है। भूस्खलन प्रभावित स्थल के नीचे की चट्टानें अत्यधिक कमजोर होने के कारण सुगमता से स्क्रैच हो रही हैं। रिपोर्ट में संपूर्ण ग्रामीणों को किसी सुरक्षित स्थल पर विस्थापित किए जाने की संस्तुति की गई है। लेकिन, अब तक इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन ने जल्द उनके पुनर्वास की मांग उठाई।

### आईटी व मीडिया सेल से जुड़े कार्यकर्ता रहे अपडेट

नई टिहरी : भाजपा के जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान की अध्यक्षता में जिला सोशल मीडिया और आईटी सेल की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जनपद के सभी मीडिया प्रभारी व आईटी सेल प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान का स्वागत किया। जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के मीडिया व आईटी सेल से जुड़े कार्यकर्त व पदाधिकारी नियमित भाजपा की नीतियों को जन-जन तक प्रचारित करने का काम करें। इसके लिए कार्यकर्ताओं को नियमित तत्पर रहने की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि आईटी व मीडिया सेल से जुड़े कार्यकर्ता नियमित अपडेट रहने का काम करें।

# रक्तदान शिविर में 73 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित


कोटद्वार के श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कालेज में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** श्री महंत इंदिरेश अस्पताल देहरादून के सहयोग से कोटद्वार स्थित श्री गुरू राम राय पैरामेडिकल कालेज में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में लोगों ने रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। शिविर में 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में 21 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ आधारशिला रक्तदान समूह के प्रमुख दलजीत सिंह और गोविन्द डंडरियाल ने किया। प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से मनुष्य के शरीर को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता। इसलिए हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिये गये। रक्तदान शिविर के संचालन में अस्पताल की डा. ऋतु यादव, कोर्डिनेटर अमित, मोहित, राजेश आदि ने सहयोग दिया। इस मौके पर प्रदीप बडोला, धीरेंद्र रतूड़ी, डा. ऋतु यादव, राज बमराड़ा, मीनाक्षी थपलियाल, हिमांशु द्विवेदी, इंदु ध्यानी, ऋतु उनियाल, शिवी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पाबौ में निकाली कलश यात्रा, पंच प्रण की ली शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : आजादी के अमृत महोत्सव को विशेष समर्पण मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नेहरु युवा केंद्र एवं खंड विकास कार्यालय पाबौ द्वारा ग्राम सभा पाबौ में आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीद गणेश चन्द्र चमोली के घर से अमृत कलश में मिट्टी एवं चावल को एकत्रित कर उन्हें नमन करते हुए कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही जनसमूह द्वारा पंच प्रण की शपथ भी ली गई। इस अभियान के तहत मिट्टी एकत्रित कर अमृत वाटिका के निर्माण में योगदान दिया।पाबौ से कलश यात्रा ढोल दमाऊ के साथ, वीर शहीदों के नारों के साथ खंड विकास कार्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई। ब्लाक सभागार में आयोजित गोष्ठी में जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों से एकत्रित मिट्टी एवं चावल के अमृत कलश को राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका के निर्माण हेतु भेजा जाएगा। जिससे देश की अखंडता को बनाए रखा जाए। सहायक खंड विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो युवाओं को ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उन्हें देश के प्रति समर्पित कर रहा है। ग्राम प्रधान पाबौ हरेंद्र कोहली ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम सभी भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के साहस, समर्पण और बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने देश के प्रति समर्पित होना होगा। देश के प्रति सच्ची राष्ट्र भक्ति होगी। कार्यक्रम में सहायक खंड विकास मनमोहन पहाड़ी, ग्राम विकास अधिकारी सुभाष सैनी, आदित्य सिंह, पंकज नेगी, कुंता देवी, बबीता गुसाईं, सरस्वती देवी, गीता देवी, किरन जखमोला आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति ने किया।

### खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

पौड़ी : कंडोलिया मैदान में चल रही मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को 17 से 19 आयुवर्ग में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 99 बालक व 36 बालिकाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि गुरुवार को 12 खेलों में कुल 135 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# कोविड काल में उद्योगों व शिक्षा जगत पर पड़े प्रभाव को लेकर की चर्चा


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट एंड सांईन्सेस (आईएचएमएस) कोटद्वार में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का अयोजन किया गया। जिसमें कोविड-19 के कारण उद्योगों व शिक्षा जगत पर पड़े प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन में देश के विभिन्न स्थानों से आए लगभग चालीस प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूड़ी भूषण व ताज ग्रुप ऑफ होटेल्स के जनरल मेनेजर अमित कुमार थे। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला में संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर विजय पंत व पंकज कुकरेती द्वारा लिखित किताब टेस्ट ऑफ उत्तराखण्ड का विमोचन भी किया गया। पुस्तक के सन्दर्भ में इसके लेखक विजय पंत ने बताया कि इस पुस्तक में उन्होनें उत्तराखण्ड की संस्कृति व खान-पान का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। उत्तराखण्ड में बनने वाले प्रभुत्व व्यजनों को बनाने की विधि का वर्णन किया है। इस अवसर पर प्रतिभागियों के द्वारा तैयार किये गये शोध पत्रों को भी प्रस्तुत किया गया।

सम्बोधन में संस्थान के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर अजय राज नेगी ने कहा कि संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया यह पहला राष्ट्रीय सम्मेलन है। इस सम्मेलन के द्वारा हमें बहुत सी जानकारियां प्राप्त हुई है। संस्थान के एकेडिमिक डायरेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि संस्थान परिसर में इस वर्ष की भांति प्रत्येक वर्ष भी इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक बीएस नेगी, संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक (प्रशासन) कर्नल बीएस गुसांई, निदेशक (शिक्षण) सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्परिणामों की दी जानकारी


कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आईक्यूएसी और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मोबाइल जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने किया। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल पुलिस के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाए जा रहे मोबाइल जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आजकल छात्र-छात्राओं में मोबाइल की लत लगातार बढ़ती जा रही है। यह एक बीमारी की तरह फैल रही है। कहा कि हमें जीवन में अनुशासित होना होगा और मोबाइल से होने वाले दुष्परिणामो को जानना होगा। कार्यशाला की संचालक डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि मोबाइल की बढ़ती लत के कारण साइबर अपराध की संख्या भी बढ़ती जा रही है। विभाग प्रभारी डॉ. संदीप कुमार ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल के सदुपयोग के बारे में बताया। डॉ. सुरेखा घिल्डियाल ने भी छात्र-छात्राओं को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान के विभाग प्रभारी एमडी कुशवाहा ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया और स्व कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. सुरेश कुमार, अल्फीशा, आस्था, हिमानी, स्वाति, शिवानी, उजमा, अभिलाष, मानसी, पारुल, प्रेरणा, अंजली सैनी, सुष्मिता, पूजा, नीलम, ज्योति, सुजाता, रश्मि, दीप्ति, सानिया, सरिता, रंजना, मीनाक्षी मौजूद रहे।

### सीएम और शिक्षामंत्री आवास में धरना देने की दी चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शिक्षा विभाग के कुछ अशासकीय स्कूलों में अवैध नियुक्तियों व छात्र-छात्राओं के लिए मिलने वाली धनराशि के दुरुपयोग पर पयासू निवासी राजेश सिंह राजा कोली ने शिक्षा मंत्री व सीएम आवास में सांकेतिक धरने की चेतावनी दी है।

राजेश सिंह राजा कोली ने बताया कि उन्होंने शिक्षा विभाग से कुछ अशासकीय स्कूलों में अवैध नियुक्तियां व छात्र-छात्राओं के लिए मिलने वाली धनराशि का दुरुपयोग करने की शिकायत की थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कहा कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर 4 अक्तूबर को शिक्षा मंत्री व 5 अक्तूबर को सीएम आवास में धरना दिया जाएगा।

# थलीसैंण ब्लॉक में खुलेगें सात क्रय केंद्र



जयन्त प्रतिनिधि।थलीसैंण : कृषि विभाग थलीसैंण द्वारा राज्य मिलेट मिशन के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा थलीसैंण ब्लॉक में सात क्रय केंद्र खोले जायेंगे, जहां जाकर कृषक अपना मंडुआ समर्थन मूल्य पर बेच सकते है। उपरोक्त योजना का संचालन कृषि एवं सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जाएगा।गोष्ठी का आयोजन ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मंजू रावत की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को जानकारी दी गई कि वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मोटे अनाज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा अप्रत्याशित बढ़ोतरी करते हुए मंडुआ का मूल्य 3846.00 रूपये प्रति कुंटल कर दिया गया है। मंडुआ क्रय हेतु साधन सहकारी समिति को 50 हजार की धनराशि प्रति समिति हेतु प्रावधान किया गया है। साथ ही समूह द्वारा किसानों से मंडुआ क्रय कर समिति को विक्रय करने पर समूह को 150 रुपए प्रति कुंटल की सहयोग धनराशि प्रदान की जाएगी। डीसीबी अध्यक्ष नरेंद्र रावत ने कृषकों को सरकारी योजना का लाभ उठाने, केसीसी बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर किसानों को ग्लू ट्रैप, जैविक खाद का वितरण किया गया। गोष्ठी में खंड विकास अधिकारी, जिला सहकारी बैंक थलीसैंण के शाखा प्रबंधक, विकास खंड प्रभारी कृषि, न्याय पंचायत प्रभारी कैंयूर आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बरामद किया चोरी की स्कूटी समेत माल



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चोरी की 5 घटनाओं में संलिप्त आरोपियों से पुलिस को एक स्कूटी और चोरी का माल बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

बीते दिनों पुलिस ने चोरी की घटनाओं में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस कस्टडी रिमांड लेने के बाद अब पुलिस ने चोरों से चोरी का माल बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि बीते दिनों शहर के ल्वाली, पाबौ और श्रीनगर रोड में चोरी की घटनाएं हुई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी धर्मवीर एवं शाजिद खान उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब पुलिस ने आरोपियों से दो चांदी के सिक्के लक्ष्मी गणेश वाले, एक जोडी चांदी की पाजेब, एक एलईडी टीवी, बैंक जमा पर्ची, डीजल, पेट्रोल व पानी के बिल बरामद किए थे। अब पुलिस ने दोनों आरोपियों की रिमांड लेकर आरोपियों की निशादेही पर सीकू बुआखाल मार्ग के पास से एक स्कूटी, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक सोने की अंगूठी धर्मवीर के घर से बरामद की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार, एसएसआई महेश रावत, उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, मुख्य आरक्षी सुनील मलिक, दिनेश नेगी, आरक्षी अनिल बिजल्वाण, हर्षवर्धन, राहुल शामिल थे।

# मेले हैं हमारी संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान: रेखा आर्या



अल्मोड़ा। नंदा देवी मेला महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का महिलाओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं उन्होंने नंदा देवी मंदिर पहुंचकर माँ नंदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा एक सांस्कृतिक नगरी है। यहाँ की संस्कृति की एक अलग पहचान है। आज हम सब का यह अहम जिम्मेदारी बन जाती है कि हम सब लोग अपनी संस्कृति को संजो कर रखे। साथ ही उसे बचाने के लिए काम करें। कैबिनेट मंत्री ने मेले के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यहाँ पर कलाकारों द्वारा लोगों को अपनी संस्कृति व सभ्यता से परिचय कराया गया वह काबिलेतारीफ है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी हमें अपनी संस्कृति का परिचय प्राप्त होता है। कहा कि हमें अपने कलाकारों का उत्साहवर्धन के साथ उन्हें आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए।

## किसानों को आधुनिक तकनीक का दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर। साईं सीड्स व अमेरिकन कंपनी वरडेशियन लाइफ साइंसेज की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया। वरडेशियन के कमर्शियल मैनेजर नीरज चौधरी ने अमेरिका में कृषि की नई तकनीक को किसानों के साथ साझा किया। साई सीड के एमडी मुकेश गर्ग ने साईं सीड्स के उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि वरडेशियन की एमएसी बीजोपचार व आइएनएम तकनीक से उनके किसान बहुत लाभान्वित हुए है। वरडेशियन के मार्केटिंग मैनेजर अक्षय खुराना ने वरडेशियन की एनयूई तकनीक से खाद की क्षमता बढ़ाकर डीएपी व यूरिया का इस्तेमाल मात्रा कम करने का आह्वान किया। यहां इकबाल सिंह चीमा, कुलवंत सिंह अटवाल, गुरविंदर पाल बेंस, भूपेंद्र सिंह, अमृत अटवाल, विवेक सिंह, बलविंदर सिंह ,पवन कुमार, मानसिंह, गुरप्रीत सिंह संधू मौजूद रहे।

# हरीश ऐठानी ने भराड़ी में जुलूस निकाला



बागेश्वर। शामा जिला पंचायत सदस्य की सदस्यता बरकरार रहने पर हरीश ऐठानी ने भराड़ी, कपकोट तथा अपने क्षेत्र में आभार रैली निकाली। उन्होंने कहा कि शामा की जनता ने उन्हें चुनकर जिला पंचायत की सदन में भेजा, लेकिन भाजपा सरकार ने राजनैतिक द्वैष भावना से उनकी सदस्यता समाप्त की, लेकिन न्यायालय से उन्हे न्याय मिला है। यह न्याय शामा की उन लोगों को मिला है जिन्होंने उन्हें सदन तक पहुंचाया। सरकार ने शामा के विकास में बाधा पहुंचाने का काम किया है। इसका जवाब आने वाले समय में यहां के लोग भाजपा को देंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, राजेंद्र टंगड़िया, दीपक सिंह, सुरेंद्र सिंह, भूपेश ऐठानी, ममता मेहता मौजूद रहे।

# शांतिपुरी के मंदिरों में लगवाईं सोलर लाइट



रुद्रपुर। ग्रामसभा शांतिपुरी नंबर दो के सत्संग आश्रम स्थित मां भगवती के मंदिर में गुरुवार को एक सोलर लाइट तथा ढांकानी मां नंदादेवी मंदिर ढांकानी में दो सोलर लाइट और ढांकानी की सड़क पर एक सोलर लाइट लगवाई गई। इसके लिए क्षेत्रवासियों ने ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा व सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा का आभार जताया। इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, भाजपा मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, गोविंद सिंह कोरंगा, पंकज सिंह कोरंगा, नारायण सिंह कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, दीपू कोरंगा, इन्दर मेहता आदि रहे।

## बंद पड़ी पेपर मिल से चोरी करने का आरोपी दोषमुक्त

काशीपुर। बंद पेपर मिल से स्क्रैप चोरी करने के आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। मित्तल नगरी थाना हिसार जनपद हिसार हरियाणा निवासी राधेश्याम पुत्र छज्जूराम ने 25 सितंबर, 2017 को कुंडा थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह श्याम पेपर मिल में सुरक्षाधिकारी के पद पर तैनात है। पेपर मिल काफी समय से बंद है। जहां सुरक्षा की जिम्मेदारी 20 गार्डों की है। दोपहर करीब एक बजे गनमैन राजेन्द्र सिंह व मुकेश ने मोहल्ला जमुनावाला थाना ठाकुरद्वारा निवासी असरफ उर्फ राकिब पुत्र आबिद को पुरानी मशीन की रिंग बाल्व (लोहा) चोरी कर ले जाते पकड़ लिया।

# 'औषधीय पौधों का कृषिकरण एवं संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमल अल्मोड़ा के जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा बुधवार 20 सितम्बर को बागेश्वर जनपद के ग्राम कीमू में ह्यऔषधीय पौधों का कृषिकरण एवं संरक्षणह्न विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषकों को औषधीय पौधों के गुणों, महत्व और उनसे होने वाले आय से अवगत कराना है। कार्यशाला में संस्थान के शोधार्थी बसन्त सिंह ने कृषकों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. आशीष पाण्डे ने औषधीय पौधों की खेती तथा उनके सतत उपयोग के बारे में कषकों को बताया। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधों से बाजार में विभिन्न प्रकार की दवाईयॉ तथा उर्जा रूपी उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं जिनकी खेती करने से कृषक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बी.एस गड़िया ने ग्रामवासियों को औषधीय पौधों के बाजारीकरण तथा उसके निवारण विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी की।

# जीआईसी हवालबाग में एटीएल मेंटरिंग सेशन आयोजित




अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में एटीएल मेंटरिंग सेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज बिष्ट ने विद्यार्थियों को बताया कि किस तरह अच्छी आदतों का विकास कर व अनुशासित जीवन व्यतीत कर वे अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्मार्टफोन का उपयोग केवल अध्ययन हेतु करने की बात कही, इसके साथ ही उन्होंने अटल टिंकरिंग लैब में हो रहे नवाचारों की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट्स को और अच्छा बनाने के टिप्स दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कपिल नयाल ने बताया कि मनोज बिष्ट के द्वारा अमेरिका से हर रविवार को गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेशन का भी आयोजन किया जाता है जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग तथा जीवन उपयोगी बातें बताई जाती हैं। विद्यालय की शिक्षिका सुनीता बोरा ने विद्यालय की विस्तृत आख्या रखी। एटीएल मेंटरिंग सेशन के अंतर्गत आयोजित मॉडल कंपटीशन में प्रथम स्थान पर हिमांशु भट्ट व द्वितीय स्थान पर विनोद व तृतीय स्थान पर पल्लवी जोशी रही।

## सात पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

पिथौरागढ़। नगर में पुलिस ने एक कार से सात पेटी अवैध शराब पकड़ी है। कोतवाल हिमांशु पंत, एसओजी प्रभारी हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में आठगांवशिलिंग मार्ग में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मार्ग में आवाजाही कर रही कार संख्या यूके059940 को रोका। जांच के दौरान कार से अवैध शराब बरामद हुई। एंचोली चौकी प्रभारी शंकर सिंह रावत ने बताया कि कार चालक महरखोला निवासी दीपक वल्दिया उर्फ रोहित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीम में हेड कांस्टेबल अशोक सिंह बुदियाल, कांस्टेबल आनन्द सिंह खनका, होशियार सिंह शामिल रहे।

# उन्नत उत्पादन तकनीकी से कृषक आय वृद्धि पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अल्मोड़ा। विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र, हवालबाग में उन्नत उत्पादन तकनीकी से कृषक आय वृद्धिह्य विषय पर 18 से 20 सितंबर 2023 तक तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नैनीताल जिले के भीमताल एवं बेतालघाट विकासखंड के 27 प्रशिक्षु कृषकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान कृषकों ने पर्वतीय कृषि में जैविक कीट प्रबंधन, जैविक रोग प्रबंधन, जैव उर्वरकों की उपयोगिता, दलहन एवं तिलहन की उन्नत उत्पादन तकनीकी, बीज उत्पादन, उन्नत सब्जी उत्पादन, पर्वतीय कृषि के लिए अनुकूल यंत्र एवं मशीनरी, कृषकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं, मौनपालन, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

संस्थान के निदेशक डॉ0 लक्ष्मी कान्त ने कृषकों से कृषि में उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि को अपनाकर अपनी आय तथा क्षेत्रों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को व्हाट्सएप्प एवं टॉल फ्री कृषक हेल्पलाइन के माध्यम से संस्थान से सूचना प्राप्त करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम में कृषकों से प्रशिक्षण तथा उनकी समस्याओं के विषय में विचार–विमर्श हुआ। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न करने वाले कृषकों को संस्थान के निदेशक द्वारा प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। कृषकों को प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण पुस्तिका भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अनुराधा भारतीय, डॉ. कुशाग्रा जोशी एवं डॉ. तिलक मंडल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में संस्थान वैज्ञानिकों डॉ. श्याम नाथ, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अनुराधा भारतीय, डॉ. कुशाग्रा जोशी आदि ने विशेषज्ञ के तौर पर भाग लिया।

# कृषि में महिलाओं का सबसे बड़ा सहयोग : जोशी

रुद्रपुर। कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय महिला आयोग एवं ग्राम्य विकास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिला किसान और महिला दैनिक मजदूरों के पलायन से संबंधित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कृषि आधारित है और इसमें मातृ शक्ति का सबसे बड़ा सहयोग है। गुरुवार को रतन सिंह प्रेक्षागृह कॉलेज ऑफ वेटनेरी, पंतनगर विश्वविद्यालय में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। संगोष्ठी में महिला किसान और महिला दैनिक मजदूरों के पलायन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम रही है और समाज में मातृ शक्ति का अहम योगदान है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सभी महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने देश की कमान संभालते ही कहा था कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कहा कि आज कैंप के माध्यम से 25 हजार से अधिक किसानों को जोड़ा गया है, जिसका 95 करोड़ टर्न ओवर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पंचायत में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। उत्तराखंड में इसे बढ़ाकर 50 फीसदी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना के तहत महिला समूह को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाता है। पर्वतीय क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा दिए जाने से महिला किसानों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने श्री अन्न के लाभ और उसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कृषि विकास में विशेषकर फसल उत्पादन, पशुधन, बागवानी, कटाई के बाद के कार्य, कृषि/सामाजिक वानिकी, मत्सय पालन आदि में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में लगी महिला समूहों के स्टालों का अवलोकन भी किया। इस अवसर राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी, अधिशासी निदेशक आरडी पालीवाल, राष्ट्रीय महिला आयोग समन्वयक सर्वेश पांडे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उमा जोशी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि के चेक दिये जाने की मांग, सीएम को भेजा ज्ञापन

काशीपुर। सर्वे के बाद भी बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि न दिये जाने का आरोप लगाते हुए सभासद ने बाढ़ पीड़ितों के साथ तहसीलदार का घेराव किया। तहसीलदार के माध्यम से सीएम को बाढ़ राहत राशि मुहैया कराए जाने की मांग की है। गुरुवार को वार्ड 8 सुभाष नगर की सभासद प्रेमवती वार्ड में लोगों के साथ तहसील परिसर पहुंची। वहां उन्होंने तहसीलदार अक्षय भट्ट का घेराव किया। कहा कि बीते महीने क्षेत्र में बाढ़ आई थी। जिसमें उनके वार्ड वासियों का काफी नुकसान हुआ था।

बाढ़ के बाद तहसील कर्मियों ने पीड़ितों का सर्वे किया था। विश्वास दिलाया गया था कि जल्द ही राहत राशि मुहैया कराई जाएगी पर अभी तक किसी को राहत राशि नहीं मिली है।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का जोरदार स्वागत, कैबिनेट मंत्री ने सुनी जनसमस्याएं



अल्मोड़ा। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बृहस्पतिवार को पांडेखोला में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमित साह मोनू के आवास में कार्यकर्ताओं से भेंट की। पांडेखोला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने नगर मंडल अध्यक्ष अमित साह मोनू के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। यहाँ कार्यक्रम में पहुँचे लोगों ने रेखा आर्या को अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री ने हर संभव समस्याओं के निराकरण का विश्वास दिलाया। यहाँ कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल, पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, अजय वर्मा, मनीष जोशी, प्रकाश बिष्ट, राजेंद्र कैड़ा, सागर गंगोला, धर्मवीर आर्य, दिनेश मठपाल, नरेंद्र बिष्ट, हितेश नेगी, रमेश भोज, अभिषेक जोशी, रोहित भोज, अतुल पाण्डेय, मनोज साही, अनुज साह, प्रधान हेम भंडारी, किशन बिष्ट, मनोज जोशी, आनंद भोज, हरीश जोशी, राकेश भट्ट, पंकज जोशी, मोहन कराकोटी, प्रयाग रावत, राम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला बिल पास होने पर बांटी मिठाई



बागेश्वर। भाजपा पार्टी कार्यालय में महिला मोर्चा ने सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल पास होने पर खुशी जताई है। सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने यह एतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ही महिलाओ के लिए काम करते आए हैं। इस मौके पर विधायक पार्वती दास, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, दीपा आर्या, ब्लॉक प्रमुख पुष्पा देवी सहित सभी महिला मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य आंदोलनकारी प्रवीन सिंह का निधन

पिथौरागढ़। नगर के भाटकोट में रहने वाले राज्य आंदोलनकारी प्रवीन सिंह का 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर विधायक मयूख महर, पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष जगत सिंह खाती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, पालिकाध्यक्ष राजेंद्र रावत, महेंद्र लुंठी, फरहान अहमद आदि ने दुःख जताया है।

# बैक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश में मिलेगी प्राथमिकता

रुद्रपुर। एसबीएस डिग्री कॉलेज में 25 व 26 सितंबर को होने जा रही प्रवेश प्रक्रिया में 12वीं की बैक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया सुबह 10:30 से दोपहर बाद 3:30 तक चलेगी। महाविद्यालय में इस बार चली प्रवेश प्रक्रिया में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 2046 सीटें निर्धारित की गई थीं। इसके सापेक्ष अब तक 2797 सीटों पर प्रवेश दिया जा चुका है। बीए में सबसे अधिक 1541 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। वहीं बीकॉम में 800 और बीएससी में 456 छात्रों ने प्रवेश लिया है। निर्धारित सीटों से करीब 751 छात्र–छात्राओं को अधिक प्रवेश दिया गया है। बुधवार को प्रवेश दिलाने की मांग को लेकर छात्रों के बवाल के बाद कॉलेज प्रशासन ने एक बार फिर प्रवेश देने का निर्णय लिया है। प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने बताया कि दो दिन तक चलने वाली ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया में 12वीं की बैक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रवेश में प्राथमकिता दी जाएगी। परीक्षा परिणाम में सुधार के कारण इन्हें समय पर महाविद्यालय में प्रवेश लेने का मौका नहीं मिला। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक महाविद्यालय में ऑफलाइन प्रवेश होंगे। ऑफलाइन प्रवेश का पंजीकरण शुल्क 50 रुपये निर्धारित है। उन्होंने प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पूर्ण शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ कॉलेज परिसर में आने को कहा है।

# एडीएम ने क्रॉप कटिंग कराकर लिया फसलों का जायजा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने राजस्व ग्राम पाडुली में धान की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ किसानों की खेत में लगी धान की फसल की कटाई कराकर पैदावार का जायजा लिया।

राजस्व विभाग की टीम ने काश्तकार भक्तदर्शन एवं बिजेन्द्र के धान के खेत में 30-30 वर्गमीटर के प्लाट बनाकर नियमानुसार क्रॉप कटिंग कर उत्पादन के आंकडे एकत्रित किए। निर्धारित आकार के प्लाट में क्रमशः 5.5 किग्रा एवं 6.2 किग्रा धान का उत्पादन प्राप्त हुआ।

क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जा रहे है। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व उप निरीक्षक नीरज, अपर सांख्यिकी अधिकारी कुसुमा एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## एसडीएम ने किया प्रभावित गांवों का भ्रमण, सुनी समस्याएं

नई टिहरी : एसडीएम घनसाली ने शैलेन्द्र नेगी ने घुत्तू भिलंग में निर्मित भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से प्रभावित चंदला, सिंदवाल गांव व वीना गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को शीघ्र इस समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया।

चंदला के ग्राम प्रधान पवन सिंह पंवार व सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र कंडारी ने डीएम टिहरी को पत्र भेजकर भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की टनल के ऊपर बसे गांवों में दरार पड़ने की सूचना देकर इसका निरीक्षण करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद एसडीएम ने तीनों गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि, इसका भूगर्भीय सर्वेक्षण कराया जाएगा। जिससे पता लग पायेगा की दरारें पड़ने का क्या कारण है।

# शिविर में 770 लोगों ने कराया उपचार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़े के तहत जनपद के हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र से संदर्भित लाभार्थी मरीजों के चिकित्सा लाभ मुहैया कराने के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय बेस चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ में बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 770 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें स्त्री रोग के 59, बाल रोग 59 फिजिशियन 163, अस्थि एवं हड्डी रोग के 143, नाक कान गला के 84, चर्म रोग 39, दंत रोग 25, नेत्र रोग 50, शल्यक 62, तथा मनोरोग के 47 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. कलम सिंह बुटोला विशेषज्ञ जनरल मेडिसिन, डॉ. अनिल कुमार ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. रतन सिंह डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. आशीष ईएनटी सर्जन, डॉ. प्रकाश श्रीवास्तव स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. जितेंद्र जोशी बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. सईद उर रहमान शल्यक, डॉ. पार्थ दत्ता सायकेट्री, भवतोष धर मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सहित स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर

नई टिहरी : पीएम मोदी के जन्म दिवस से आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय नई टिहरी में भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा सरकार की नीतीयों और योजनाओं को लेकर आम लोगों को जानकारी दी।

इस मौके टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी दुनिया में भारत की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। जिला भाजपा कार्यालय में पीएम मोदी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा मनाते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश अपनी पौराणिकता के साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। देश में विकास की विभिन्न योजनाओं के साथ अंतिम व्यक्ति की जरूरत को देखते हुए योजनाओं का विकास किया जा रहा है। जिसका लाभ महिलाओं, युवाओं व बुजुर्ग लोगों को बखूबी मिल रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज कर बार फिर मोदी को पीएम बनाने का काम करेगी। जिला भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर पीएम मोदी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाते हुए मिष्ठान वितरण कर पीएम मोदी के लंबे जीवन की कामना की गई। इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, कार्यक्रम संयोजक दर्मियान कंडारी, सह संयोजक गोपी राम चमोली, देवेंद्र बैलवाल, मेहरबान सिंह रावत, राजेंद्र जुयाल, उदय रावत, जयेंद्र पंवार, शीशराम थपलियाल, विजय कठैत, उर्मिला राणा, बीना मखलोगा, लक्ष्मी रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि। दिल्ली : रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन बडौदा हाऊस द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्रीमती सन्नीति चौधुरी, अध्यक्षा एनआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की उपस्थिति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रिफ्रेशमेंट एवं उपहार भी प्रदान किए। इस अवसर पर एनआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की उपाध्यक्षा रश्मि सिंघल, सचिव सरिता सागर, कोषाध्यक्ष वंदना गोयल, सह सचिव शालिनी श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## राजकीय शिक्षक संघ ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वेतन विसंगति, पदोन्नति व वरिष्ठता का सही निर्धारण करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। संघ ने चेतावनी दी है कि 26 सितंबर तक मांगें नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कहा कि लंबे समय से सरकार को अपनी मांगों को लेकर अवगत कराया गया है। बावजूद इसके उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा। जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसाईं ने कहा कि अब संगठन आर पार की लड़ाई को तैयार है। कहा कि मांगों को लेकर पूर्व में सरकार को 26 सितंबर तक का समय दिया गया था।

# बदरीनाथ धाम में मातामूर्ति उत्सव 26 को



चमोली : बदरीनाथ धाम में इस यात्रावर्ष मातामूर्ति उत्सव मंगलवार 26 सितंबर को आयोजित होगा। धार्मिक परंपरानुसार मंगलवार को प्रातः 10 बजे भगवान बदरीविशाल स्वरूप श्री उद्धव जी देव डोली में बैठकर श्री बदरीनाथ भगवान की माता मूर्ति देवी को मिलने जायेंगे तथा तपस्यारत बदरीनाथ भगवान की कुशल क्षेम बतायेंगे। बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि भाद्रपद बामन द्वादशी के अवसर पर आयोजित माता मूर्ति उत्सव से पहले माणा गांव से भगवान बदरीविशाल के क्षेत्रपाल रक्षक घंटाकर्ण महाराज 25 सितंबर शाम को बदरीनाथ मंदिर पहुंचकर बदरीनाथ भगवान को मातामूर्ति आने का न्यौता देंगे। 26 सितंबर पूर्वाह्न 10 बजे बाल भोग के पश्चात उद्धव जी की डोली सहित रावल, धर्माधिकारी–वेदपाठी तथा मंदिर समिति के पदाधिकारी, अधिकारी– कर्मचारी, तीर्थ पुरोहित, व्यापार सभा, दस्तूरधारी साधु संत सहित पुलिस प्रशासन, आईटीबीपी के प्रतिनिधि माता मूर्ति पहुंचेंगे। रास्ते में पर्यटक ग्राम माणा की महिलाएं श्री उद्धव को जौ की हरियाली भेंट करेंगी। मातामूर्ति में श्री उद्धव मातामूर्ति जी को मिलेंगे तथा कुशलक्षेम बतायेंगे। अभिषेक, पूजा-अर्चना तथा दिन का भोग मातामूर्ति मंदिर में आयोजित होगा। मेले के दौरान तीन बजे दिन तक श्री बदरीनाथ मंदिर बंद रहेगा। अपराह्न तीन बजे से पूर्व उद्धव जी की डोली में बैठकर श्री बदरीनाथ धाम को वापस आ जायेंगे तथा बदरीनाथ मंदिर गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे। पुनः मंदिर में दर्शन शुरू हो जायेंगे। शायंकाल को बामणी गांव से कुबेर जी के पश्वा (अवतारी पुरुष) बदरीनाथ मंदिर पहुंचेगे तथा धार्मिक रस्म संपन्न होगी। इस अवसर पर रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, वेदपाठी रविन्द्र प्रसाद भट्ट, पुजारी सुशील डिमरी आदि मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

# सड़कों पर बह रहा बरसाती पानी, लोग परेशान



नई टिहरी : नैनबाग-श्रीकोट-घोड़ाखोरी मोटरमार्ग पर मुख्य बाजार से लेकर डिग्री कॉलेज तक जगह-जगह नालियां क्षतिग्रस्त व पानी की निकासी न होने के कारण बरसाती पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसकी वजह से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा बाजार में गंदगी फैल रही है। वहीं बरसात के दोनों में लोगों को भी भारी समस्याओं का सामना उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश तोमर का कहना है कि, सड़क किनारे बनी नालियों से सड़क में पानी बहने से मुख्य बाजार में गंदगी फैलने के साथ– साथ सड़क में कई जगह गड्ढे बन गए हैं। तथा सड़क उखड़ रही है। कहा कि कई बार लोक निर्माण विभाग जौनपुर को अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उधर, ईई लोनिवि जौनपुर लोकेश सारस्वत का कहना है कि, सड़क किनारे बनी नालियों की जल्द से जल्द मरम्मत कर दी जाएगी। (एजेंसी)

## डीएवी में मेरिट से प्रवेश का आज अंतिम मौका

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में मेरिट के आधार पर प्रवेश के लिए आज रजिस्ट्रेशन का अंतिम मौका है। इस बार सीयूईटी की बाध्यता के डीएवी कॉलेज में काफी सीटें खाली रह गई थीं। अब इन खाली सीटों पर सीधे मेरिट के आधार पर दाखिले का मौका दिया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.केआर जैन के मुताबिक डीएवी कॉलेज में सीयूईटी के जरिए अब तक दो हजार छात्र–छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं।

# युवाओं से समाज हित में आगे आने का आह्वान किया

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के एमबीबीएस एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश पर श्रीनगर पुलिस की ओर से जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में हिस्सेदारी निभाकर समाज हित में आगे आने का आह्वान किया गया। पुलिस ने छात्रों को नशा उन्मूलन, यातायात नियम, साइबर क्राइम, महिला उत्पीड़न विषयों के साथ ही पुलिस द्वारा चलाए जा रहे गौरा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने पुलिस द्वारा समाज के लिए चलाए जा रहे अभियानों की सराहना की। कहा कि जागरूकता अभियानों के सहयोग से समाज को एक नई दिशा मिल सकेगी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए इस तरह की कार्यशाला उपयोगी बताते हुए पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कोतवाली श्रीनगर के वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष पैंथवाल ने छात्रों को कानूनी जानकारी के साथ आपातकालीन हेल्पलाईन नम्बर डायल 112, साईबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930, महिला हेल्प लाईन नम्बर 1090 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसआई प्रवीना सिदोला ने साइबर अपराध की बारीकियों एवं महिला उत्पीड़न के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए उत्तराखण्ड पुलिस ऐप में उपलब्ध सभी आनलाइन सुविधाओं, महिला सुरक्षा फीचर गौरा शक्ति व बटन की उपयोगिता के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

# ग्रामीणों ने की उमाह से बंद पड़े मुंशी घाटी देऊमोटर मार्ग को खुलवाने की मांग

विकासनगर। तहसील कालसी क्षेत्र के ग्रामीणों ने लोनिवि पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि तीन माह पूर्व दैवीय आपदा के दौरान मुंशी घाटी देऊ मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से यातायात के लिए पूरी तरह से बंद है। जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मार्ग को तीन दिन के भीतर खोलने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मार्ग न खोले जाने पर विभाग के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। कालसी तहसील के गांवों देऊ सैरी, झुटाया, पाबुआ, चिला के ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तीन माह पूर्व दैवीय आपदा के दौरान मुंशी घाटी देऊ मोटर मार्ग किमी आठ व नौ पर क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरी तरह से बंद है। बताया कि मोटर मार्ग बंद हो जाने ग्रामीणों को यातायात समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अपनी कृषि उपज को मंडी तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जिससे खेतों में खड़ी फसलें बरबाद हो रही हैं। ग्रामीणों के सामने घोर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बीमार होने पर ग्रामीण मरीजों को अस्पताल तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। कहा कि इन दिनों वायरल बुखार, जुकाम सिरदर्द, टाइफाइड, डेंगू आदि की बीमारियां फैल रही हैं। ऐसे में लोग मरीजों का उपचार कराने नहीं ले जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता ने अधिशासी अभियंता से ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल तीन दिन के भीतर मोटर मार्ग खुलवाने की मांग की है। अन्यथा तीन दिन बाद धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी है। ज्ञापन देने वालों में अतर सिंह, कुंदन सिंह, कल्याण सिंह, मदनसिंह, रविंद्र, वीरेंद्र सिंह, अरविंद, जयपालसिंह व मदन सिंह आदि शामिल रहे।

## सारथी विहार में फ्री हीलिंग कैंप शुरू

देहरादून। सारथी विहार में छह दिवसीय फ्री हीलिंग कैंप का शुभारंभ हो गया है। कैंप का आयोजन देहरादून योग विद्या प्राणिक हीलिंग फ़ाउंडेशन ऑफ तिरूपति की देहरादून एसोसिएशन– 2 की ओर से करवाया जा रहा है। शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने किया।

## गढ़वाल विवि किसानों को देगा मोटे अनाज के बीज

श्रीनगर गढ़वाल : बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस चौहान ने कहा कि अगले वर्ष से विवि का बीज विज्ञान विभाग किसानों को मोटे अनाज के उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पारंपरिक फसलों को संरक्षित करने और किसानों की आजीविका बनाकर अर्थिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल विवि ने फसल कैफिटेरिया स्थापित किया है। जिससे आने वाले समय में गढ़वाल विवि किसानों को मोटे अनाज का उत्तम बीज उपलब्ध करवा सकें। कहा श्रीअन्न फसल कैफिटेरिया में मुख्य रूप से मोटा अनाज रागी, कोदा, झंगोरा, कोणी, मुंगफली और चीणा उगाया है। (एजेंसी)

# तहसील में गरजे कांग्रेसी, प्रदेश सरकार पर लगाया जीरो टॉलरेंस के दिखावे का आरोप

विकासनगर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को विकासनगर विधान सभा में हुए कार्यों की सीबीआई जांच की मांग करते हुए तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस आशय का ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। हालांकि ज्ञापन में कांग्रेस ने सीधे आरोप लगाने के बजाय एक भाजपा नेता का ही हवाला देते हुए कहा कि विकासनगर विधान सभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं बरती गई हैं। तहसील मुख्यालय में प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कहा कि विकासनगर विधान सभा में लघु सिंचाई विभाग द्वारा बीते छह वर्षों में कराए गए कार्यों की जांच की जानी चाहिए। कहा कि अधिकांश विकास कार्य सिर्फ फाइलों में ही पूरे हुए हैं, जबकि धरातल पर अस्तित्व में कभी आए ही नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक निधि के कार्यों के नाम पर भी सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। कुछ लोगों को विधायक निधि से आर्थिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने पीजी कॉलेज डाकपत्थर में हुए निर्माण कार्यों और संसाधन मुहैया कराए जाने के नाम पर भी बड़ा घोटाला किए जाने का आरोप लगाया। कहा कि इन सबकी सीबीआई जांच कराई जानी जरूरी है। हालांकि कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने आखिर में यह जोड़ा कि ये सभी आरोप क्षेत्रीय विधायक पर भाजपा के ही एक नेता ने लगाए हैं। बताया कि कुछ दिन पूर्व भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल ने सार्वजनिक तौर पर उक्त सभी आरोप लगाते हुए सभी मामलों की सीबीआई जांच की मांग की थी। कहा कि एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बावजूद प्रदेश सरकार ने अपनी ही पार्टी के नेता की ओर से लगाए गए आरोपों की सच्चाई जानने का प्रयास नहीं किया। इससे साफ जाहिर है कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति सिर्फ बयानबाजी में ही अपना रही है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि अपनी ही पार्टी के नेता की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच कर-ाकर भाजपा सरकार को जीरों टॉलरेंस की नीति का प्रमाण देना चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में शहर अध्यक्ष कितेश जायसवाल, हरबर्टपुर शहर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, पीसीसी सदस्य संजय जैन, अकरम, आसिफ अली, दिनेश सिंह, भगत सिंह, आनंद सिंह, सुभाष पुंडीर, भुवन पंत, राजदीन, इसरार, हुसैनदीन, अफजल बेग, रजत डेविड, एंथोनी, सुंदर चौहान, नीरज भट्ट, नरेश राणा, हाकम चंदेल, संजय सिंह, आशाराम आदि शामिल रहे।

## भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाया

देहरादून। गढ़ी कैंट स्थित आजीविका ज्ञान वाटिका में श्री सिद्धि विनायक पंडाल में भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाया गया।

यहां 18वां गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके लिए गणेश पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया है। मूर्तिकार आजीव विजय की बनाई भगवान गणेश की प्रतिमा यहां स्थापित की गई है।

# हिमाचली गायक विक्की चौहान के गीतों पर पूरी रात थिरकते रहे दर्शक



विकासनगर। जागड़ा पर्व पर चकराता के टुंगरा गांव में युवा आकांक्षा क्लब की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक विक्की चौहान ने गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। विक्की के गीतों पर लोग पूरी रात थिरकते रहे, जिसके बाद दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के अंत में सम्मान समारोह के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। बुधवार देर रात विधायक चकराता प्रीतम सिंह के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे मुख्य अतिथि कांग्रेस के युवा नेता अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभिषेक सिंह ने कहा की टुंगरा जैसे छोटे से गांव में इस प्रकार का भव्य कार्यक्रम होना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा की युवाओं को क्षेत्र में रहकर कार्य करना चाहिए। कहा कि वर्तमान में बढ़ रहे पर्यटन से पलायन रुका है और रिवर्स पलायन भी हुआ है। युवा होटल और अन्य पर्यटन व्यवसाय से जुड़कर दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा रहे हैं, जो अच्छा संकेत है। क्लब की ओर से अभिषेक सिंह को पारम्परिक टोपी और चौड़ा पहना कर सम्मानित किया गया। हिमाचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक विक्की चौहान के मंच पर आते ही पूरा माहौल तालियों से गूंज उठा। विक्की चौहान ने कार्यक्रम का आगाज छत्रधारी तू छत्र छाया तेरी, दुसो राती की अमर माया तेरी से कर झुमके–झुमके, चमचमांदे तेरे दांदडू ओ बाटीने, बिडरू न मानी ए मेरो जाना चोडपुर, गीतों पर लोगों को खूब नचाया व सही पकड़े हैं, ताड़ी झुमा, नीरू चाल्दी गुमुने, आदि नाटियों पर खूब रंग जमाया। विक्की के गीतों का रंग लोगों पर ऐसा चढ़ा की बूढ़े ,बच्चे,जवान युवक युवतियां और महिलाएं खुद को नाचने से नहीं रोक पाए। लोगों ने इनके गीतों पर जमकर ठुमके लगाए और पूरी रात लोग विक्की के गीतों पर नाचते रहे।

# पैंडुला गांव में 15 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के पैंडुला के ग्रामीण लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से परेशान हैं। ग्राम प्रधान सुनय कुकशाल ने कहा कि पिछले 15 दिन से गांव में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। जिससे लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

इस संदर्भ में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पैंडुला के साथ ही अडेली, बंकोला, पिपोला, लूसी, अमरोली गांव में भी पेयजल आपूर्ति ठप है। कहा कई बार लिखित व मौखिक रूप से बार-बार आ रही इस तरह की दिक्कतों का स्थायी समाधान की मांग कर दी गई है। बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जूनियर हाईस्कूल अमरोली में खचरा-चौकी-पैंडुला पेयजल योजना का पानी भी करीब 6 माह से नहीं आ रहा है। जिससे बच्चों को भी परेशानियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो लोगों को मजबूर होकर आंदोलन को विवश होना पड़ेगा। जल संस्थान के ईई नरेश पाल का कहना है कि लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना के टैंक में सिल्ट भर जाने के कारण यह दिक्कतें आई हैं। इसे हटाकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। (एजेंसी)


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Kavita Rani Mittal से बदलकर Kavita Mittal कर लिया है। भविष्य में मुझे Kavita Mittal w/o Sanjay Mittal के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**Gokhley Marg Kotdwara Pauri Garhwal, Uttarakhand, PIN-246149**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी HDFC Life Insurance पॉलिसी नंबर 18678340 है। जिसमें मेरा नाम गंगा असनोड़ा है, लेकिन वर्तमान में मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम गंगा असनोड़ा थपलियाल है। मेरा नाम गंगा असनोड़ा थपलियाल ही जाना जाय।

सम्पादकीय

## महंगी पड़ेगी जिद

कनाडा द्वारा विदेश नीति के विपरीत जाते हुए जिस प्रकार की कदम उठाए गए हैं उसे भारत और कनाडा के संबंधों में लगातार खटास पैदा हो रही है। भारतीय एम्बेसडर एवं कनाडा के एंबेसडर के निष्कासन के बाद यह तय हो गया था कि वीजा को लेकर भी व्यापक परेशानियां उत्पन्न होने वाली है और ठीक वही सब देखने को भी मिला। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार का व्यवहार कनाडा सरकार की ओर से नजर आया है वह काफी चिंतनीय है क्योंकि वहां की सरकार एक ऐसी दिशा की ओर बढ़ रही है जो कनाडा जैसे देश को न जाने कब आतंकवाद और अराजकता वाला अशांत देश बना डालें। भारत में तो यहां तक कह दिया है कि कनाडा में फल फूल रहे खालिस्तान मिशन को पाकिस्तान की ओर से वित्तीय सहायता मुहैया कराई जा रही है। यही कारण है कि अब कनाडा की छवि आतंकियों को शरण देने वाले देश के रूप में देखने को मिल रही है। कनाडा की रवैया को लेकर भारत का विदेश मंत्रालय अपना पक्ष स्पष्ट कर चुका है और जो कुछ भी भारत की ओर से कनाडा में चल रही खालिस्तान गतिविधियों को लेकर सामने रखा गया है उससे कनाडा का बौखला जाना स्वाभाविक है। भारत हमेशा से ही आतंकवाद से जूझता हुआ आया है जिसके लिए भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान प्रत्यक्ष तौर पर अपनी भूमिका आतंकियों को शरण देने वाले देश के रूप में निभा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोप प्रमाणिकता एवं सबूत से कहीं पर हैं और स्पष्ट है कि पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कनाडा को आने वाली उन परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए जिसमें कुछ समय बाद परिस्थितियों उसके हाथ से निकल जाएंगे और कनाडा में खाली स्थान समर्थकों का ऐसा तांडव शुरू होगा फिर शायद जिस पर नियंत्रण करना फिर कनाडा सरकार के पास नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो वोटो की राजनीति के एक ऐसे प्रत्यक्ष उदाहरण है जो अपनी कुर्सी को बचाने के लिए एक हंसते खेलते देश को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। कनाडा सरकार के हाथ से निकलते परिस्थितियों का इससे बड़ा उदाहरण भला और क्या होगा की अब कनाडाई नागरिकों को वीजा देने की व्यवस्था भी इस राजनीतिक प्रकरण की भेंट चढ़ गई है। भारत में फिलहाल कनाडा के नागरिकों को वीजा देने पर रोक लगा दी है। भारत हमेशा से ही अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर एवं अडिग रहा है और कनाडा में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों पर भारत सरकार का रवैया स्पष्ट है और इस दिशा में भारत सरकार कनाडा के आरोपों का न केवल कड़ा विरोध कर रही है बल्कि भारत की ओर से भी इस दिशा में जिस प्रकार की कम उठाए गए हैं उसे पूरा विश्व हतप्रभ है तो कनाडा की छवि भी एक ऐसे देश के रूप में सामने आ रही है जो आतंकी ताकतों को संरक्षण देने का काम कर रहा है।

# अपने गिरेबान में झांकने का समय!

**अजीत द्विवेदी**

**ध्यान रहे विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ एंकर्स के नाम लिए हैं। उनके कार्यक्रम में जाने से मना किया है। इसके अलावा किसी तरह की दमनकारी कार्रवाई नहीं की है, जबकि 11 राज्यों में उन पार्टियों की सरकार है, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। अगर ये पार्टियां अपने अपने शासन वाले राज्यों से विज्ञापन देना बंद करें, मालिकों पर दबाव डलवा कर एंकर्स या किसी पत्रकार को नौकरी से निकलवाएं, उनको धमकी दें, पुलिस एफआईआर करे, गिरफ्तारी हो, रिपोर्ट रूकवाई जाए, चैनल बंद कराने की धमकी दी जाए तब तो इसे प्रेस की आवाज दबाना कहा जाएगा। यहां तो उलटा है।**





विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की मीडिया कमेटी ने मुख्यधारा के खबरिया चैनलों से जुड़े 14 एंकर्स के साथ 'असहयोग' का ऐलान किया है। विपक्षी पार्टियां इन एंकर्स के कार्यक्रमों में अपने प्रवक्ताओं या टेलीविजन वक्ताओं को नहीं भेजेंगी क्योंकि विपक्ष को लग रहा है कि ये एंकर देश में नफरत फैलाने के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियों ने यह फैसला इन एंकर्स के कार्यक्रमों में बहस के लिए रखे जाने वाले विषयों, उसमें बुलाए जाने वाले मेहमानों, बहस की दिशा और इन एंकर्स के अपने आचरण के इतिहास के आधार पर किया है। इसलिए मानना चाहिए कि फैसला सोच–समझ कर किया गया होगा और विपक्षी पार्टियों को इसके असर का अंदाजा भी होगा।

इसके पक्ष और विपक्ष में खूब सारे तर्क दिए जा रहे हैं। विपक्ष के 'असहयोग' का निशाना बने एंकर्स अपने को शहीद बताते घूम रहे हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा खुल कर उनका समर्थन कर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियां इस कदम का बचाव कर रही हैं। पत्रकारों के भी दो खेमे बने हैं और स्वतंत्र विचारकों, लेखकों, व्यंग्यकारों के भी दो खेमे बने हैं। दोनों तरफ से अच्छे–अच्छे रूपक गढ़े जा रहे हैं। फिल्मों की कहानी, गाने आदि लिखने वाले एक प्रतिबद्ध स्टैंड अप कॉमेडियन वरुण ग्रोवर ने बहुत अच्छा रूपक गढ़ा। उन्होंने कहा कि 'अगर मुझे पता चल जाए कि मेरे शहर का एक दुकानदार बहुत खराब तेल में बासी आलू के समोसे बनाता है और मैं उसके यहां से समोसे खरीदना बंद कर दूं तो यह मेरी सेहत की रक्षा के लिए उठाया गया कदम माना जाएगा या उस दुकानदार का हक मारने वाला कदम होगा'? यह बिल्कुल सही रूपक है। अगर विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि कुछ एंकर नफरत फैला रहे हैं या किसी ज्ञात–अज्ञात कारण से विपक्षी पार्टियों के हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो उनके साथ असहयोग करना न तो प्रेस के ऊपर हमला है और न विपक्षी पार्टियों के भय को दिखाता है। यह अपने हितों का ध्यान रखते हुए किया गया सुविचारित फैसला है।

हैरानी की बात है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष होने का दिखावा करने वाले कई पत्रकार भी कह रहे हैं कि विपक्षी पार्टियों ने अच्छा नहीं किया। एंकर्स के बहिष्कार, जिसे विपक्षी पार्टियां 'असहयोग' कह रही हैं, से अच्छी मिसाल कायम नहीं होती है। लेकिन ऐसा कहने या मानने का कोई आधार नहीं है। विशेष परिस्थितियों में इस तरह के उपाय कई जगह देखने को मिलते हैं। मिसाल के तौर पर संसद में जब कोई सांसद ज्यादा शोर–गुल करता है या असंसदीय आचरण करता है तो स्पीकर या सभापति उसे चेतावनी देते हुए कहते हैं कि अगर वे शांत नहीं हुए तो उनका नाम लिया जाएगा। टेलीविजन के सीधे प्रसारण में या सदन में मौजूद सदस्यों को दिख रहा होता है कि कौन सांसद हंगामा कर रहा है। फिर भी एक सीमा तक शोर–गुल करने और कार्यवाही में बाधा डालने की इजाजत होती है क्योंकि वह संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है।

परंतु पानी सिर के ऊपर बहने लगे तो फिर नाम लेना पड़ता है। स्पीकर या सभापति सदस्य का नाम पढ़ते हैं। इसको अच्छा नहीं माना जाता है। यही काम विपक्षी पार्टियों ने एंकर्स के मामले में किया है। सबको दिख रहा था कि कौन एंकर किस तरह से खास एजेंडे के तहत विपक्ष को निशाना बना रहा है, विपक्षी नेताओं को अपमानित कर रहा है, झूठ फैला रहा है और समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा दे रहा है। अगर विपक्षी पार्टियों ने ऐसे एंकर्स की पहचान की है और कुछ लोगों का नाम लिया है तो ऐसा करना उनका अधिकार भी है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा भी है।

ध्यान रहे विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ एंकर्स के नाम लिए हैं। उनके कार्यक्रम में जाने से मना किया है। इसके अलावा किसी तरह की दमनकारी कार्रवाई नहीं की है, जबकि 11 राज्यों में उन पार्टियों की सरकार है, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। अगर ये पार्टियां अपने अपने शासन वाले राज्यों से विज्ञापन देना बंद करें, मालिकों पर दबाव डलवा कर एंकर्स या किसी पत्रकार को नौकरी से निकलवाएं, उनको धमकी दें, पुलिस एफआईआर करे, गिरफ्तारी हो, रिपोर्ट रूकवाई जाए, चैनल बंद कराने की धमकी दी जाए तब तो इसे प्रेस की आवाज दबाना कहा जाएगा। यहां तो उलटा है। यहां एंकर्स को नहीं रोका गया है और न कोई कार्रवाई की गई है। विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ इतना कहा है कि वे उनके कार्यक्रम में अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेंगे। इसे प्रेस की आजादी पर हमला करना नहीं कहा जा सकता है। हां, इस पर बहस हो सकती है कि विपक्ष को ऐसा करने से फायदा होगा या नुकसान, लेकिन यह अलग बहस का विषय है। विपक्ष ने जो किया है, अगर उसके गुण–दोष पर यानी मेरिट पर बात करें तो इसमें कुछ भी असंसदीय, अलोकतांत्रिक या अराजनीतिक नहीं है। आखिर भाजपा भी अघोषित रूप से ही सही लेकिन एंकर्स का बहिष्कार करती है!

बहरहाल, विपक्ष की ओर से बहिष्कृत एंकर्स ने उसके बाद जो प्रतिक्रिया दी है और देश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से उनके बचाव में उतरी वह देखना दिलचस्प था। उससे अपने आप यह साफ हो गया कि विपक्षी पार्टियों ने जो किया वह सही किया। भाजपा की ओर से इन पत्रकारों को निष्पक्ष बताया गया और कहा गया कि इन्होंने झुकने से इनकार कर दिया तो विपक्षी पार्टियां उनका बहिष्कार कर रही हैं। लेकिन किसी खास एंकर के कार्यक्रम के बहिष्कार को झुकाने का प्रयास नहीं कहा जा सकता है। विपक्षी पार्टियों के प्रवक्ता उस चैनल के दूसरे कार्यक्रमों में जाएंगे, दूसरे एंकर्स को इंटरव्यू देंगे लेकिन जिनके बारे में यह धारणा है कि वे झूठ और नफरत फैला रहे हैं उनका बहिष्कार करेंगे। वैसे भी सरकारी दल जिन पत्रकारों की तारीफ और बचाव करे विपक्ष को उनसे दूर ही रहना चाहिए।

इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा फूहड़ और अश्लील तर्क स्वनामधन्य एंकर्स की तरफ से दिया जा रहा है। एक एंकर ने बहिष्कार को बैज ऑफ ऑनर कहा तो भाजपा के एक नेता ने उनको वारियर्स ऑफ ट्रूथ कहा। सोचें, इनके कार्यक्रम से कौन सा सच सामने आया या किस सच की लड़ाई इन्होंने लड़ी? क्या इनमें से किसी ने चीन की घुसपैठ का सच दिखाया या उस पर सवाल पूछा? चीन ने भारत का बड़ा हिस्सा अपने नक्शे में दिखाया और अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए तो क्या इनमें से किसी एंकर का खून खौला और उसने भारत की संप्रभुता पर हुए इस हमले को लेकर कोई खबर दिखाई या बहस कराई? डॉलर की कीमत 83.27 रुपए हो गई, पेट्रोल एक सौ रुपए लीटर से ज्यादा दर पर बिक रहा है, दो सौ रुपए कम होने से पहले रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत 11 सौ रुपए से ऊपर थी, तो क्या महंगाई को लेकर इन एंकर्स ने कोई सच दिखाया? सरकारी संपत्तियों को बेचे जाने या राफेल सौदे की गड़बडियों या मॉब लिंचिंग को लेकर कोई सवाल उन्होंने उठाया? अडानी–हिंडनबर्ग की रिपोर्ट हो, कश्मीर में लोकतंत्र पर ताला लगाने का मामला हो या अच्छे दिन का वादा हो किसी ने इनका सच नहीं दिखाया। हकीकत यह है कि किसी ने सरकार से एक सवाल पूछने की जरूरत नहीं समझी। उलटे सत्तारूढ़ दल के एजेंडे के हिसाब से विपक्ष को कठघरे में खड़ा करते रहे। इनकी सच की लड़ाई सिर्फ विपक्ष से है। इनके लिए सवाल पूछने का मतलब विपक्ष से सवाल पूछना है।

असल में टेलीविजन के ज्यादा न्यूज एंकर्स ने पत्रकार होने की न्यूनतम नैतिकता का ध्यान नहीं रखा है। उन्होंने पत्रकारिता के सिद्धांत को सिर के बल खड़ा कर दिया। वे सरकार से सवाल पूछने की बजाय विपक्ष से लड़ते रहे। वे कहते हैं कि डट कर सवाल पूछते रहेंगे। सोचें, किससे सवाल पूछेंगे? विपक्ष से! वे कह रहे हैं कि झुकेंगे नहीं। इसका क्या यह मतलब नहीं है कि पहले की तरह ही वे सरकार के एजेंडे पर काम करते रहेंगे और विपक्ष से सवाल पूछते रहेंगे! यह पूरी तरह से गलत है फिर भी इस पर आंख बंद की जा सकती है लेकिन अगर कोई पत्रकार सारे समय समुदायों के बीच नफरत फैलाने, समाज में विभाजन और तनाव बढ़ाने का काम करेगा तो कोई भी समझदार आदमी क्या करेगा?

आम आदमी टेलीविजन पर न्यूज देखना बंद कर देगा, जैसा बहुत से लोग कर चुके हैं। इसके लिए कोई न्यूज चैनल दबाव नहीं डाल सकता है कि आप क्यों नहीं उसका चैनल देख रहे हैं। उसी तरह विपक्ष ने अपने प्रवक्ता नहीं भेजने का फैसला किया है तो कोई उन पर दबाव नहीं डाल सकता है कि आप प्रवक्ता क्यों नहीं भेजेंगे।

## सफेद वॉश बेसिन को साफ करने के लिए अपनाएं ये ट्रिक्स, मिनटों में चमक जाएगा नया जैसा

वॉश बेसिन हमारे घरों का एक अहम हिस्सा होता है. यह न सिर्फ हाथ धोने का काम करता है बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ा देता है, लेकिन सफेद वॉश बेसिन की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह बहुत जल्दी गंदा और फीका पडऩे लगता है. इस पर लगने वाले पानी और साबुन के दाग आसानी से नहीं निकलते. सफेद रंग पर ये दाग और भी ज्यादा नजर आने लगते हैं. चाहे इसे जितनी बार रगड़ें, ये दाग हटते ही नहीं. बार–बार इसे साफ करना बहुत ही मुश्किल होता है. ऐसे में हमें खास क्लीनिंग प्रोडक्ट्स की जरूरत पड़ती है, जो बजट पर भारी पड़ सकते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं, घर पर भी कुछ चीजों की मदद से हम आसानी से अपने वॉश बेसिन को क्लीन और ब्राइट बना सकते हैं. चलिए यहां देखते हैं.

**गर्म पानी और साबुन का उपयोग**

एक बड़े पानी की बर्तन में गर्म पानी और साबुन मिलाएं और वॉश बेसिन को इसमें भिगोकर रखें. थोड़ी देर बाद, इसे सॉफ ब्रश या कपड़े की मदद से साफ करें.

**लेमन जूस और नमक**

एक छोटे बाल्टी में लेमन जूस और थोड़ा सा नमक मिलाएं और इस मिश्रण को वॉश बेसिन पर लगाएं. थोड़ी देर के लिए छोड़ दें और फिर साबुन और पानी के साथ साफ करें. लेमन गंदगी को खत्म करता है और चमक लाता है.

**बेकिंग सोडा** 1 कप बेकिंग सोडा और गर्म पानी से पेस्ट बनाएं. इस पेस्ट को बेसिन पर लगाएं और 10–15 मिनट के लिए छोड़ दें. फिर साफ पानी से धो लें. यह गंदगी को आसानी से हटा देगा. या फिर बेकिंग सोडा में विनेगर मिला लें इन दोनों को मिलाकर पेस्ट बनाएं और बेसिन पर लगाएं. यह बेहतरीन क्लीनिंग एजेंट की तरह काम करेगा.

**टूथपेस्ट** थोड़ी सी टूथपेस्ट को वॉश बेसिन पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें. यह भी धूल–मिट्टी को हटाने में मदद करेगा. **विनेगर** सफेद विनेगर को पानी के साथ मिलाकर इसे वॉश बेसिन पर लगाएं. थोड़ी देर के लिए छोड़ दें और फिर साबुन और पानी के साथ साफ करें.

## जांच की जरूरत है

**यूरोपियन यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों में किसी का वीजा होने पर पूरे ईयू क्षेत्र में जाया जा सकता है। खबर है कि जिन देशों को पोलैंड का वीजा दिया गया, उनमें से कुछ लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भी भेजा गया।**

खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था।हालांकि विवाद अंतरराष्ट्रीय है, लेकिन इसमें कथित रूप से भारतीय नागरिक भी शामिल या इससे प्रभावित बताए जाते हैं, इसलिए इस पर भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। पोलैंड में तो इस कांड में भागीदारी के कारण वहां के उप विदेशमंत्री को बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लोगों को पोलैंड का वीजा दे कर यूरोप और अमेरिका भेजा गया है। खुद पोलैंड की सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी ने यह मामला उछाला, लेकिन तब उसे पता नहीं था कि यह उसको भी भारी पड़ेगा। जब बात बढ़ी, तो वर्तमान सरकार भी घेरे में आ गई। गौरतलब है कि जल्द ही पोलैंड में चुनाव होने वाले हैं।

पोलैंड के अफ्रीका और एशिया के दूतावासों से पैसे लेकर वीजा देने के मामले के उछलने से सत्ताधारी पार्टी की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। पोलैंड में प्रवासियों को लेकर नियम काफी सख्त हैं। इसका फायदा पोलैंड के अधिकारियों ने उठाया। उन्होंने ने मोटी रिश्वत में लेकर अयोग्य लोगों को पोलैंड का वीजा दिलवाया। ये लोग पोलैंड से वीजा लेकर यूरोप में जर्मनी और दूसरे देशों की ओर गए। यूरोपियन यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों में किसी का वीजा होने पर पूरे ईयू क्षेत्र में जाया जा सकता है। खबर है कि जिन देशों को पोलैंड का वीजा दिया गया, उनमें से कुछ लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भी भेजा गया। इसके लिए बकायदा पोलैंड के दूतावासों से मल्टीइंट्री वीजा जारी किए गए। इस तरह के हरेक वीजा के लिए 35,000 से 40,000 डॉलर तक की रकम बिचौलियों की मदद से वसूली गई। रिपोर्टों के मुताबिक यह सिलसिला 2021 से ही चल रहा था। चूंकि इसमें भारत का नाम भी उछल गया है, इसलिए इस बारे में भारत सरकार को अपने यहां पूरी जांच करानी चाहिए।

## सरकारी खाते में गड़बड़झाला

लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक माना जाता है। लेकिन 'क्वलिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज' नाम की सीएजी की 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट में सरकारी खातों में चल रहे जिस गड़बड़झाले पर रोशनी डाली है, उसकी अगर जवाबदेही तय की जाए, तो पूरी केंद्र सरकार कठघरे में खड़ी नजर आएगी। लेकिन यह आज के माहौल पर एक कड़ी टिप्पणी है कि यह रिपोर्ट सीएजी ने पिछले महीने सौंपी थी, जबकि उसकी खबर अब जाकर एक अंग्रेजी अखबार ने छापी है। लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक गिना जाता है। लेकिन 'क्वलिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज' नाम की इस 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। सार यह है कि किसी मद का धन कहीं और खर्च कर दिया गया, गलत गणनाएं की गईं, धन को रखने संबंधी नियमों का खुल कर उल्लंघन किया गया, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकार ने अपने निवेश के बारे में जो जानकारी दी और उन कंपनियों ने इस संबंध में जो विवरण दिया उसमें भारी फर्क है।

और जिन खर्चों का ब्योरा देने में सरकार ने अपने को अक्षम पाया– या जिसे उसने नहीं बताना चाहा, उसे 'अन्य प्राप्तियों एवं व्यय' की श्रेणी में डाल दिया गया। इसके अलावा सरकार का वित्तीय प्रदर्शन बेहतर दिखे– इसके लिए सरकार ने अनुकूल पैमानों को अपनाया। मसलन, सीएजी ने बताया है कि सरकार ने ऐतिहासिक दर के आधार पर विदेशी कर्ज की गणना कर बताया कि उस पर चार लाख 39 हजार करोड़ का ऋण है। जबकि यह गणना अगर वर्तमान विनियम दर पर की जाए, तो यह रकम छह लाख 58 हजार करोड़ रुपये बैठेगी। उधर सरकार पर छोटी बचत योजनाओं और भविष्य निधि के तहत जो देनदारियां हैं, साल 2021–22 में उन्हें 21,560 करोड़ रुपये कम करके बताया गया। नियमों के उल्लंघन की मिसाल देते हुए सीएजी ने बताया है कि सार्वजनिक धन को अलग–अलग करेंट एकाउंट्स खोल कर रखा गया, जबकि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं रहा है। तो सार यह है कि वर्तमान सत्ताधारी जवाबदेही की अवधारणा से दूर रहते हुए सरकारी कोष के साथ व्यक्तिगत संपत्ति जैसा व्यवहार कर रहे हैं। यह सिरे अस्वीकार्य है।

## पूरे दिन में वो कौनसा टाइम है, जब आपको कभी भी सेब नहीं खाना चाहिए!

प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर से दूर रखता है ये एक प्रसिद्ध कहावत है. इसका अर्थ है कि रोजाना सेब खाने से डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ती. और ये बात बिल्कुल सच है! सेब में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विभिन्न प्रकार के मिनरल्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पूरे दिन में कुछ ऐसे समय भी होते हैं, जब सेब का सेवन नहीं करना चाहिए? इसका नुकसान भी हो सकता है. आइए जानते हैं कि पूरे दिन में कौन से समय ऐसे होते हैं जब सेब खाने से बचना चाहिए..

रात को सेब खाने से पेट भारी पड़ सकता है और नींद खराब हो सकती है. सेब में शक्कर और फ्रूक्टोज होता है जो आपके शरीर को सक्रिय बनाए रखता है. इससे नींद आने में दिक्कत होती है. सेब में उच्च फाइबर होता है. रात को खाने से कब्ज जैसी समस्या हो सकती है. गर्म दूध के साथ सेब खाने से पेट भारी पड़ सकता है जिससे नींद खराब होगी. सेब एसिडिटी पैदा कर सकता है जो रात को एसिडिटी और पेट दर्द का कारण बन सकता है.

# क्या महसा अमिनी ने ज़िन्दगी यूं ही गँवा दी?

**श्रुति व्यास**

पिछले साल पूरा ईरान तब स्तब्ध रह गया था जब युवा कुर्दिश–ईरानी युवती महसा अमिनी को अपने बाल सार्वजनिक रूप से दिखाने की कीमत हिरासत में मौत के रूप में चुकानी पड़ी थी।उस घटना से ईरान की लड़कियां, किशोरियां और महिलाएं बहुत दुखी और परेशान हुईं। वे सडक़ों पर उतरीं, उन्होंने अपना गुलूबंद जलाया और बाल कटवाए। पुरूष भी महिलाओं के समर्थन में आगे आए और इसने कई वर्षों में हुए देश के सबसे बड़े सरकार–विरोधी प्रदर्शनों का रूप ले लिया। जैसा कि अनुमान था, इस प्रतिरोध को सख्ती से दबाया गया। ईरान के सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को पीटा, सैंकड़ों मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। दुनिया ने ईरानियों का समर्थन किया और सरकार की कार्यवाही की निंदा की। लेकिन आज एक साल बाद विरोध बहुत कम हो गया है और सरकार अपने दोस्तों, सहयोगियों और दुश्मनों से हाथ मिलाकर अपनी राजनैतिक और आर्थिक स्थिति बेहतर करने में व्यस्त है।

तेल का निर्यात पहले के स्तर तक पहुंच चुका है और इसी सप्ताह ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयार्क पहुंचेंगे। इस बीच ईरान की संसद में एक नया कानून विचाराधीन है जिसके जरिए मोरल पुलिस को पुनर्जीवित किया जाएगा (जिसे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर भंग कर दिया गया था) और वेशभूषा संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर नए दंडों का प्रावधान किया जाएगा।

जो सरकार प्रदर्शनों के शुरूआती दिनों में घबराई हुई थी, उसकी हिम्मत दुबारा बंध गई है।

लेकिन वैश्विक मीडिया के मुताबिक सतह के नीचे अब भी विद्रोह और विरोध जिंदा है। जुलाई में कई ईरानियों ने देश के नेताओं द्वारा आशूरा के मौकेपर आयोजित किए जाने वाले लोकप्रिय धार्मिक जुलूसों का बहिष्कार किया। यह शियाओं का एक बड़ा उत्सव होता है। अभी भी कई महिलाएं सिर ढंकने और सादगीपूर्ण वस्त्र पहनने के कड़े नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। धार्मिक राज्य के प्रति तिरस्कार का भाव, जिसके चलते महिलाओं ने नकाब पहनना बंद कर दिया था, इतना अधिक है कि रूढ़िवादी पिताओं तक ने अपनी बेटियों को उनकी मर्जी के कपड़े पहनने की आजादी दे दी है।

और अधिकाधिक लोग कार्ड के बजाए नकद लेनदेन कर रहे हैं ताकि एक ऐसी सरकार, जिसे वे अवैध मानते हैं, को टैक्स न मिले। विरोध प्रदर्शनों और बगावत के पक्ष में माहौल साफ नजर आता है। सरकार की लोकप्रियता और उसके प्रति समर्थन में गिरावट आई है। लेकिन सरकार इस सबसे बेफ्रिक है और उसका तानाशाहीपूर्ण रवैया बढ़ता जा रहा है। सवोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनी ने इस्लामिक गणतंत्र का नेतृत्व करने की आकांक्षा त्याग दी है और अब वे केवल एक इस्लामिक सरकार को चलाने की उम्मीद रखते हैं। दूसरी और राष्ट्रपति रईसी अपनी स्थिति मजबूत करने में लगे हुए हैं। वे अपने पूर्ववर्तियों और उनके अनुयायियों झ चाहे वे सुधारवादी हों या कट्टरपंथी झ से दूरी बनाए हुए हैं और सन् 2008 में सुधारो के पक्ष में अभियान चलाने वाले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अभी भी घर पर नजरबंद हैं।

बढ़ते नियंत्रणों, बंदिशों, वेशभूषा संबंधी जुर्मानों और गिरती हुई अर्थव्यवस्था के चलते बहुत से ईरानी देश छोड़ रहे हैं। लेकिन चीन और रूस जैसे देश इस कट्टरपंथी सरकार के साथ गठजोड़ और व्यापार बढ़ा रहे हैं। हाल में ईरान को ब्रिक्स में शामिल होने का न्यौता दिया गया और सबसे कट्टर शत्रु झ ईरान और सऊदी अरब झ भी एक दूसरे के निकट आ रहे हैं। इसी माह ईरान और सऊदी अरब ने एक–दूसरे के यहां राजदूत नियुक्त किए। यहां तक कि अमेरिका के साथ चल रहे तनावपूर्ण संबंध भी बेहतर हुए हैं। रईसी अमेरिका के दौरे पर हैं और ऐसी चर्चा है कि अमेरिका के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के संबंध में एक नए समझौते पर बातचीत हो सकती है। ईरानी सरकार अपनी जनता की नाराजगी तो दूर नहीं कर पा रही है लेकिन वह विश्व समुदाय से चल रही तनातनी को कम करने में जरूर सफल रही है। और विश्व समुदाय झ जो एक युद्ध और वैश्विक संकट से जूझ रहा है झ इस कट्टरपंथी और अधिनायकवादी सरकार को झेल रहा है।

ईरानी जनता लड़ रही है बल्कि यह कोशिश कर रही है कि महसा अमिनी की मौत बेकार न जाए। लेकिन जहाँ एक समय दुनिया ने जनता के साथ उसके व्यवहार के चलते ईरानी सरकार को बहिष्कृत कर दिया था वहीं आज ईरान की जनता अकेली पड़ गई है।

## इराकी सेना के हवाई हमले में क्र के चार आतंकवादी ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में सेना के हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गए हैं। इराकी सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इराकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद से करीब 250 किलोमीटर उत्तर में स्थित किर्कुक प्रांत की राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम मंह वाडी ज़घाइटून के ऊबड़-खाबड़ इलाके में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया सेल की ओर से जारी बयान के मुताबिक हवाई हमले खुफिया रिपोर्टों के आधार पर किए गए थे। बयान में कहा गया कि गुरुवार की सुबह सेना और खुफिया बल बमबारी स्थल पर पहुंचा, जहां आईएस आतंकवादियों के चार शव पाये गये। सेना ने मौके से चार राइफलें, चार विस्फोटक बेल्ट और अन्य विस्फोटक बरामद किए।

## चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटना, 25 की मौत

**सैंटियागो , एजेंसी** । चिली में 15 से 19 सितंबर तक वार्षिक स्वतंत्रता समारोह 'फिएस्टास पैट्रियास' के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कुल 25 लोगों की मौत हुई।

चिली के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार 11 लोगों की मौत कुचलने से हुई, टक्कर से 6 लोगों की, भिडंत से 4 लोगों की और वाहनों के पलटने से 4 लोगों की मौत हुई।

लोक निर्माण मंत्री जेसिका लोपेज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कम मौत हुई हैं, वर्ष 2022 में 40 लोगों की मौत हुई थी।

कारबिनेरोस (सैन्यीकृत पुलिस) के आदेश और सुरक्षा के राष्ट्रीय निदेशक एनरिक मोनरास ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नशे में गाड़ी चलाने के लिए कुल 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## अनाज पर बढ़ा विवाद : अब यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद करेगा पोलैंड

**वारसॉ ,एजेंसी** । पोलैंड ने घोषणा की है कि वह अब यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा, क्योंकि अनाज पर विवाद बढ़ गया है। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज़ मोराविएकी ने कहा कि वह खुद को अधिक आधुनिक हथियारों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। पोलैंड ने संयुक्त राष्ट्र में राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की की टिप्पणियों पर यूक्रेन के राजदूत को तलब किया।

उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने यूक्रेन के साथ एकजुटता का दिखावा किया था, जिसे वारसॉ ने पोलैंड के संबंध में अनुचित बताया, जिसने युद्ध के पहले दिनों से ही यूक्रेन का समर्थन किया है। मोरावीकी ने अब हथियारों की आपूर्ति नहीं करने के फैसले की घोषणा की। अनाज विवाद रूस के यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद शुरू हुआ, जिसने मुख्य काला सागर शिपिंग लेन को पूरी तरह से बंद कर दिया और यूक्रेन को वैकल्पिक भूमिगत मार्ग खोजने के लिए मजबूर किया।

# भारत-कनाडा विवाद में अब पाकिस्तान की एंट्री

## दहशतगर्दों के पनाहगार को कुलभूषण याद रहा, मगर करीमा बलूच को भूला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकियों को लेकर भारत और कनाडा के बीच शुरु हुए विवाद में अब पाकिस्तान की एंट्री हो गई है। इससे पहले कि आतंकियों के पनाहगार, पाकिस्तान का भांडा फूटता, वह भारत के खिलाफ ही आग उगलने लगा। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के पीएम ने जो बयान दिया था, उसके बाद शुरु हुए विवाद में पाकिस्तान के विदेश सचिव सयरुस काजी ने उल्टा चोर कोतवाल को डाटे, वाली कहावत चरितार्थ कर दी।

उन्होंने कहा, कनाडा सरकार के खुलासे से उन्हें कोई आश्चर्य नहीं है। उन्होंने भारत पर ही आतंकवाद फैलाने का बेबुनियाद आरोप लगा दिया। पाकिस्तान के विदेश सचिव ने कुलभूषण जाघव का जिक्र कर दिया, जो उसकी जेल में बंद है। सयरुस काजी, जिस वक्त कुलभूषण जाघव का जिक्र कर रहे थे, उन्हें कनाडा में तीन साल पहले मारी गई पाकिस्तान की मानवाधिकार कार्यकर्ता 'करीमा बलूच' याद नहीं आई। वही करीमा बलूच, जिसकी हत्या को लेकर यह आशंका जाहिर की गई थी कि उसके पीछे पाकिस्तानी 'आईएसआई' का हाथ है।

खालिस्तानी आतंकियों को लेकर भारत और कनाडा के बीच विवाद बढ़ गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार हो सकती है। हालांकि निज्जर, एनआईए के टॉप मोस्ट आतंकियों की सूची में शामिल था। जस्टिन ट्रूडो के इस बयान के बाद खालिस्तानी निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका की जांच के मद्देनजर कनाडा ने भारत के शीर्ष राजनयिक को निष्कासित कर दिया है।

इसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के राजनयिक को स्वदेश छोड़ने के लिए कह दिया। भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सर्विस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दूसरी तरफ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू, कनाडा में रह रहे हिंदुओं को वहां से निकलने की धमकी दे रहा है। इतना कुछ होने पर भी कनाडा सरकार मौन है।




भारतीय एजेंसियों ने इस बाबत पुख्ता सबूत जुटाएं हैं कि खालिस्तानी आतंकियों के खेल में पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में जाकर गुरपतवंत सिंह पन्नू, आईएसआई के लोगों से मिलता है। लाहौर में प्रेसवार्ता कर खालिस्तान के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराने की घोषणा करता है। पाकिस्तान में भी खालिस्तानी आतंकी मारे जाते हैं।

इंटेलिजेंस एवं सिक्योरिटी एक्सपर्ट कैप्टन अनिल गौर (रि.) का कहना है, अब पाकिस्तान, भारत और कनाडा के मामले में कूद कर अपनी खाल बचा रहा है। उसे डर है कि कहीं उसकी पोल दोबारा से न खुल जाए। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह साबित हो चुका है कि पाकिस्तान, आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उसकी जमीन पर आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंप हैं। वह आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराता है।

जम्मू कश्मीर में अनेक पाकिस्तानी आतंकी, भारतीय सुरक्षा बलों की गोली का निशाना बने हैं। पाकिस्तान के विदेश सचिव सयरुस काजी यह क्यों भूल जाते हैं कि कनाडा में तीन साल पहले जब पाकिस्तान की मानवाधिकार कार्यकर्ता और वहां की सेना के अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली करीमा बलूच मारी गई तो आईएसआई चुप थी। पाकिस्तान के हुक्मरान भी मौन थे। उधर, कनाडा के पीएम ट्रूडो ने भी उस मामले में कुछ नहीं कहा। तब भी यही आशंका जताई गई थी कि करीमा बलूच की हत्या के पीछे पाकिस्तानी आईएसआई का हाथ है। अब पाकिस्तान, कुलभूषण जाघव का मामला उठा रहा है।

पाकिस्तान के विदेश सचिव सयरुस काजी ने न्यूयॉर्क में कहा, कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान से हिरासत में लिया गया था। कुलभूषण जाधव को पाकिस्तानी कोर्ट ने जासूसी के आरोप में मौत की सजा सुनाई है। काजी ने आगे कहा, उन्हें कनाडा के खुलासे पर कोई आश्चर्य नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में हिस्सा लेने न्यूयॉर्क पहुंचे काजी ने भारत पर आतंकवाद फैलाने का बेबुनियाद आरोप लगा दिया। वे बोले, कुलभूषण जाधव, भारतीय नौसेना का पूर्व अधिकारी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुलभूषण जाधव, पाकिस्तान को अस्थिर करने में लगे हुए थे। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी भारत के खिलाफ जहर उगला था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा था कि वह भारत को हिंदू और आतंकी राष्ट्र स्वीकार कर ले। कनाडा के पीएम ट्रूडो का संसद में बयान, एक बड़ा आरोप है। दुनिया के सामने भारत का खुलासा हो गया है।

भारत-कनाडा विवाद पर पंजाब बीजेपी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ का कहना है कि यह मामला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक जिम्मेदार देश का प्रधानमंत्री, महज वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना गैर जिम्मेदाराना बयान दे सकता है। ऐसा तो बहुत कम देखने को मिलता है।

कोई भी देश ऐसा नहीं होने देता, जिससे कि उसकी स्थानीय राजनीति, विदेश नीति को प्रभावित करे। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपने राजनीतिक ग्राफ को गिरने से बचाने के लिए भारत के खिलाफ बयान दिया है। वे खुद अल्पमत वाली सरकार चला रहे हैं। उनकी अपनी सीमाएं हैं। उन्हें इस पर गौर करना चाहिए। सत्ता के लालच ने उन्हें शरारती और अलगाववादी तत्वों से समर्थन लेने के लिए मजबूर कर दिया है। जिस तरह से उन्होंने संसद में बयान दिया है और जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की जानी चाहिए।

## असम पुलिस ने नकली नोट नेटवर्क का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी ,एजेंसी।** नकली भारतीय मुद्रा नोटों (एफआईसीएन) के प्रसार के खिलाफ अपने अभियान के तहत, असम पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से बड़ी संख्या में नकली नोट जब्त किए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह ऑपरेशन एक विशिष्ट खुफिया रिपोर्ट के परिणामस्वरूप चलाया गया था कि गुवाहाटी शहर के बाहरी इलाके में जोराबाट इलाके में 14वें मील पर नकली मुद्रा बेची जा रही है।अधिकारी पहले अभियान के दौरान 2 लाख रुपये मूल्य के नोट जब्त करने में सफल रहे। पुलिस के मुताबिक, सभी नोट 500 रुपये के थे। गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों के नाम गोहेन्डोलोनी गांव के 32 वर्षीय अब्दुल कादिर और अहमदपुर गांव के 35 वर्षीय समीर उद्दीन हैं। दोनों उत्तरी लखीमपुर जिले के बिहपुरिया पुलिस स्टेशन के निवासी हैं।छापेमारी के दौरान पुलिस ने दोनों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये। एक अन्य छापेमारी में पुलिस ने असम के गोलाघाट निवासी रबी अली नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

## आंध्र प्रदेश में नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ टीडीपी विधायकों ने निकाली पदयात्रा

**अमरावती ,एजेंसी।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पार्टी विधायकों ने सत्र के पहले दिन गुरुवार को राज्य विधानमंडल तक पदयात्रा निकाली। वेंकटपालम में टीडीपी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन. टी. रामा राव की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, टीडीपी विधायक और एमएलसी विधान भवन के लिए रवाना हुए। विधायकों ने थुल्लूर पुलिस स्टेशन से पदयात्रा निकाली। हाथों में तख्तियां लिए हुए, उन्होंने कथित कौशल विकास मामले में नायडू की 'अवैध' गिरफ्तारी की निंदा करते हुए नारे लगाए। विधायकों ने मांग की कि वाईएसआरसीपी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री की अवैध गिरफ्तारी के लिए माफी मांगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार अवैध मुकदमे वापस लेने में विफल रही तो वे बड़े पैमाने पर अभियान चलाएंगे। टीडीपी विधायक और लोकप्रिय अभिनेता एन. बालकृष्ण ने कहा कि वे नायडू की गिरफ्तारी के मुद्दे को जनता की अदालत में ले जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि लोग टीडीपी के साथ हैं। बालकृष्ण, जो नायडू के बहनोई भी हैं, ने कहा, सरकार टीडीपी को मिल रहे भारी जन समर्थन को देखने में असमर्थ है और इसलिए उसने अवैध गिरफ्तारी का सहारा लिया। यह कहते हुए कि टीडीपी गिरफ्तारियों से डरी नहीं है, बालकृष्ण ने कहा कि वे इस मुद्दे को लोगों की अदालत में ले जाएंगे।

## विशेष योग्यजन एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता घर बैठे कर सकेंगे मतदान

**उदयपुर ,एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष योग्यजन और वरिष्ठ नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए पहली बार घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि विशेष योग्यजन तथा अधिक आयु वाले मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंच कर मतदान करने में काफी असुविधा रहती है। निर्वाचन आयोग कोई भी मतदाता पीछे न छूटे के सिद्धान्त पर काम कर रहा है। आयोग ने अपने इस सिद्धान्त को हासिल करने के लिए इस बार ऐसे मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है।

# धान की फसल बेचने को धड़ाधड़ बुकिंग शुरू

## प्रदेश में 181 ने कराया पंजीकरण, 37 टोकन जारी

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में धान खरीद केंद्रों में धान की फसल बेचने के लिए किसान विभाग के पोर्टल पर धड़ा धड़ बुकिंग करवा रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों से धान खरीद करने के लिए पोर्टल खोल दिया है। विभाग के पोर्टल पर वीरवार तक प्रदेश के 181 किसानों ने पंजकरण करवाया है। प्रदेश के सिरमौर जिला से 118, बिलासुपर जिला से एक, कांगड़ा से पांच, ऊना से एक और सोलन जिला से 56 किसानों ने धान की फसल बेचने के लिए पंजीकरण करवाया है। प्रदेश के धान खरीद केंद्रों में तीन अक्तूबर से 26 दिसंबर तक धान की खरीद की जाएगी। 2203 रुपये प्रति क्विंटल धान की फसल का मूल्य तय



किया गया है। प्रदेश में किसानों से धान खरीद के लिए नौ मंडिया जिसमें अनाज मंडी फतेहपुर, रियाली, मिलवां जिला कांगड़ा, धौला कुंआ, पांवटा साहिब जिला सिरमौर, मार्केट यार्ड नालागढ़, मलपूर बद्दी जिला सोलन एवं मार्केट यार्ड टकारला, रामपुर जिला ऊना में धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। विभाग द्वारा किसानों के पंजीकरण लिए पोर्टल तैयार करके खोल दिया गया है।

धान खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण करने के लिए विभाग ने एचपीएपीपीपीडॉटएनआईसीडॉट इन पोर्टल का लिंक तैयार किया है। विभाग के इस पोर्टल पर धान खरीद से जुड़ी सभी तरह की जानकारी उपलब्ध हैं। प्रदेश के किसान विभाग के इस पोर्टल पर किसी कंप्यूटर कैफे और किसी भी लोक मित्र केंद्र पर जाकर जा फिर मोबाइल फोन पर पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीकरण करवाने पर किसानों को धान की फसल बेचने के लिए टोकन नंबर और तिथि बताई जाएगी। विभाग के पोर्टल पर किसानों को पंजीकरण करवाने के लिए आधार नंबर, बैंक खाता सहित अन्य जानकारी अपलोड करनी होगी। पोर्टल पर बताई गई तिथि के अनुसार किसान धान खीरद केंद्र में जाकर टोकन नंबर के साथ अपनी फसल बेच पाएंगे। धान की फसल बेचने का भुगतान विभाग द्वारा किसानों के खाते में ही किया जाएगा। विभाग द्वारा किसानों के लिए धान खरीद के पंजीकरण के तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रदेश के धान खरीद केंद्रों में तीन अक्तूबर से धान की खरीद शुरू हो जाएगा।

# आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली बनकर पहुंचे राहुल गांधी, लोगों का उठाया सामान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी चिंताओं व समस्याओं को जाना। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से बात करने पहुंचे। सूत्र ने कहा, गांधी ने उनसे विस्तार से बात की और उनके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की।



वहीं इस दौरान राहुल गांधी ने कुलियों की पहचान वाली लाल रंग की शर्ट पहनी और सूटकेस सिर पर रखकर चलते दिखाई दिए। इस दौरान राहुल गांधी ने अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर किए जिसमें कैप्शन में लिखा कि काफ़ी समय से मेरे मन में भी इच्छा थी, और उन्होंने भी बहुत प्यार से बुलाया था और भारत के परिश्रमी भाइयों की इच्छा तो हर हाल में पूरी होनी चाहिए।

इसके अलावा यूथ कांग्रेस ने भी ट्वीट किया और कहा कि सारी दुनिया का बोझ अपने माथे पर उठाने वालों के दिल का बोझ हल्का करने राहुल गांधी आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे।

कांग्रेस नेता का दौरा कुछ महीनों बाद हो रहा है, जब कुछ कुलियों ने उनसे उनके मुद्दों को समझने और उनके उत्थान के लिए काम करने के लिए उनसे मिलने का आग्रह किया था। कांग्रेस नेता ने पिछले कुछ महीनों में आम लोगों के बीच जाकर लोगों को चौंका दिया है।

राहुल गांधी ने भोजन करने के लिए बंगाली मार्केट, जामा मस्जिद इलाके का दौरा किया था और फिर यूपीएससी उम्मीदवारों के साथ बातचीत करने के लिए मुखर्जी नगर इलाके का दौरा किया था। वह छात्रों के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी पुरुष छात्रावास में भी गए थे और फिर उनके ट्रक ड्राइवरों की समस्याओं को समझने के लिए हरियाणा के मुरथल से अंबाला तक ट्रक में यात्रा की थी।

गांधी ने धान की रोपाई के मौसम के दौरान कृषि भूमि का भी दौरा किया था और हरियाणा के सोनीपत में किसानों से बातचीत की थी।

दिल्ली के करोल बाग इलाके में बाइक मैकेनिक की दुकानों का दौरा किया था, आसमान छूती कीमतों के बीच आजादपुर मंडी का दौरा किया था। उन्होंने यहां अपने आवास पर दोपहर के भोजन पर सोनीपत के किसानों और सब्जी विक्रेता रामेश्वर को भी अलग से आमंत्रित किया था। हाल ही में उन्होंने लोगों से बातचीत करने के लिए लद्दाख, लेह और कारगिल क्षेत्र में मोटरसाइकिल यात्रा भी की।

## देर रात चल रही थी शराब पार्टी, बाद में कर दी छात्रा की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ ,एजेंसी** । लखनऊ के बीबीडी विश्वविद्यालय की 23 साल की छात्रा निष्ठा त्रिपाठी की गुरुवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना लखनऊ के चिनहट इलाके में दयाल रेजिडेंसी की है।निष्ठा त्रिपाठी बीकॉम (ऑनर्स) की छात्रा थी। वह दयाल रेजिडेंसी गई थी क्योंकि उसके दोस्त आदित्य पाठक ने उसे बुलाया था। पुलिस के मुताबिक, जिस अपार्टमेंट में यह वारदात हुई, वहां देर रात पार्टी हुई थी।पुलिस ने बताया कि उसने फ्लैट से शराब की बोतलें भी बरामद हुई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह आकस्मिक फायरिंग का मामला है या किसी साजिश के तहत फायरिंग की गई है। यह भी दावा किया गया है कि कई अन्य छात्र देर रात तक हुई पार्टी में शामिल थे। निष्ठा त्रिपाठी को गोली लगने के बाद, तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया।

## छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए हुए अनुकरणीय कार्य : प्रियंका

**रायपुर ,एजेंसी ।** महिला समृद्धि सम्मेलन कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रियंका गांधी ने अवलोकन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के समग्र विकास के लिए चलाई जा रही नवाचारी योजनाओं की सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया। दुर्ग जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम में 11 विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मती गांधी महिलाओं के साथ सुआ नृत्य में शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।जयंती स्टेडियम में विभागीय प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मती प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे हाट-बाजार क्लीनिक और सुपोषण अभियान की तारीफ की। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक रूप से ही बीमारियों को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल बहुत अच्छी है। इसी प्रकार उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जमीनी स्तर पर योजनाओं के बेहतर और प्रभावी क्रियान्वयन से कुपोषण दूर हो रहा है।मती गांधी ने महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ में रोजगार के नए-नए अवसरों सी-मार्ट, गोधन न्याय योजना जैसी नवाचारी योजनाओं की भी प्रशंसा की। प्रदर्शनी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चलाई जा रही योजनाएं गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क, सी-मार्ट के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे हमर लैब, दाई-दीदी क्लीनिक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स और छत्तीसगढ़िया संस्कृति तथा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे।

## ब्रिटेन में गणेश चतुर्थी कार्यक्रम के दौरान गिरफ्तार भारतीय मूल के व्यक्ति को पुलिस ने छोड़ा

**लंदन ,एजेंसी** । ब्रिटेन में गिरफ्तार किए गए भारतीय मूल के व्यक्ति को पुलिस ने रिहा कर दिया है। इस 55 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान आपातकालीन कार्यकर्ता पर हमला करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। बेलग्रेव रोड लीसेस्टर पर हुए एक धार्मिक उत्सव समारोह के बाद एक जुलूस से संबंधित घटना की जांच जारी है।

लीसेस्टर पुलिस ने एक बयान में कहा, 55 वर्षीय एक व्यक्ति को 18 सितंबर को लीसेस्टर के बेलग्रेव रोड पर एक आपातकालीन कर्मचारी के हमले के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। हिंदू वकालत समूह इनसाइट यूके द्वारा एक्स पर एक वीडियो साझा किए जाने के बाद पुलिस का बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि एक हिंदू पुजारी को धक्का दिया गया और दुर्व्यवहार किया गया। पुलिसकर्मी की पहचान लीसेस्टर पुलिस के एडम अहमद के रूप में करते हुए, समूह ने कहा कि उसने शांतिपूर्ण हिंदू भक्तों के खिलाफ अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया।

## कर्नाटक को झटका, सुप्रीम कोर्ट का कावेरी जल प्राधिकरण के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा पारित निर्देशों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें कर्नाटक को 13 सितंबर से 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोडने़ का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति आर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) दोनों में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि के क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं और उन्होंने सभी प्रासंगिक मुद्दों पर विचार किया है।

बेंच ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी ने जिन कारकों पर विचार किया, उन्हें 'अप्रासंगिक' या 'विवादास्पद' नहीं कहा जा सकता। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि अधिकारी 15 दिनों के अंतराल पर नियमित रूप से बैठक करेंगे और संबंधित अवधि के लिए स्थिति का आकलन करेंगे और पानी छोडने़ का निर्देश देंगे।

तमिलनाडु की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि सीडब्ल्यूएमए ने स्थिति को ध्यान में रखते हुए सीडब्ल्यूआरसी द्वारा अनुशंसित 7,200 क्यूसेक प्रति दिन की मात्रा के मुकाबले यंत्रवत् मात्रा को घटाकर 5,000 क्यूसेक प्रति दिन कर दिया।दूसरी ओर, कर्नाटक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने तर्क दिया कि सीडब्ल्यूएमए को कर्नाटक के बांधों से प्रति दिन 3,000 क्यूसेक से अधिक पानी छोडने़ का आदेश नहीं देना चाहिए था।दीवान ने कहा कि उत्तर पूर्वी मॉनसून का फायदा कर्नाटक को बिल्कुल नहीं मिल पाता है और राज्य को पीने के पानी की भी कमी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा, पेयजल का यह पहलू बेहद महत्वपूर्ण है। जहां तक तमिलनाडु का सवाल है, यह मूलतः सिंचाई के लिए है, लेकिन कर्नाटक के लिए यह पीने का पानी भी है और सिंचाई भी। कर्नाटक ने पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि कावेरी और कृष्णा बेसिन दोनों में गंभीर सूखे की स्थिति है और 12 सितंबर के बाद कर्नाटक के जलाशयों से और पानी छोडना़ संभव नहीं होगा।

# विश्व कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च, कोहली और हार्दिक के साथ ये खिलाड़ी आए नजर




नई दिल्ली ,। विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नई जर्सी को लॉन्च कर दिया है। टीम इंडिया आधिकारिक किट स्पॉन्सर एडिडास ने एक वीडियो शेयर किया।

इसमें कप्तान रोहित शर्मा के साथ दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, उपकप्तान हार्दिक पांड्या, मोहम्मद सिराज और कई अन्य खिलाड़ी नजर आए। भारत में विश्व कप का आयोजन पांच अक्तूबर से होना है। फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा।

बहुप्रतीक्षित जर्सी को प्रसिद्ध भारतीय गायक रफ़्तार द्वारा गाए गए गीत '3 का ड्रीम' के माध्यम से जारी किया गया था। एडिडास के मुताबिक, जर्सी भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन का प्रमाण है। '3 का ड्रीम' उन लाखों प्रशंसकों का प्रतीक है जो 1983 और 2011 के बाद अपनी टीम को तीसरा वनडे विश्व कप जीतते देखने का सपना देखते हैं।

एडिडास ने जर्सी में बदलाव किया है। उसने कंधों पर अपनी तीन सफेद धारियों की जगह तिरंगे के तीन रंगों को रखा है। छाती के बाईं ओर बीसीसीआई के लोगो में अब दो सितारे हैं, जो भारत की वनडे विश्व कप जीत का प्रतीक है।

**ऑस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला मैच**

विश्व कप में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। टीम इंडिया 14 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी। विश्व कप से पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।

विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप–कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, ईशान किशन ,सूर्यकुमार यादव।

# भारत से भिडने से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका, पहले वनडे से दो स्टार खिलाड़ी बाहर



नई दिल्ली , भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 सितंबर से तीन एकदिवसीय मैचो की सीरीज शुरू होने जा रही है। पहला मैच कल मोहाली में होगा।

मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटका लगा है। झटका यह है कि ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क पहले वनडे से बाहर हो गए हैं। स्टार्क चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। इस वजह से उन्हें आराम दिया गया है। मैक्सवेल भी चोटिल थे।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पैट कमिंस ने कहा मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और गेंदबाज मिचेल स्टार्क चोटिल होने की वजह से मैच में नहीं खेल पाएंगे। वहीं उन्होंने स्टीव स्मिथ के बारे में कहा कि उनकी कलाई में दर्द है, उन्होंने अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी की थी। सब ठीक रहा तो वह कल बल्लेबाजी कर सकते हैं।

भारत–ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए टीमें

भारत : शुभमन गिल, ईशान किशन, तिलक वर्मा, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर

ऑस्ट्रेलिया : डेविड वॉर्नर, मिशेल मार्श, जोश इंग्लिश, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, कैमरून ग्रीन, पैट कमिंस (कप्तान), एडम ज़म्पा, जोश हेज़लवुड, नाथन एलिस, सीन एबॉट, मैथ्यू शॉर्ट , स्पेंसर जॉनसन, तनवीर संघा।

## फूड डिलीवरी ब्वॉय सहित इन 4 युवाओं की चमकी किस्मत, नीदरलैंड्स टीम ने किया सेलेक्ट



नई दिल्ली, भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से आईसीसी वर्ल्ड कप खेला जाएगा। ऐसे में नीदरलैंड्स क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए भारत में एक ट्रेनिंग कैंप आयोजित करने वाली है, जिसके लिए नीदरलैंड्स ने स्थानीय गेंदबाजों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, जो टीम के लिए नेट्स में गेंदबाजी कर सकें। नेट्स में गेंदबाजी करने के लिए 10 हजार लोगों ने आवेदन किया था। इसमें से चार लोगों को चुना गया है। इन चारों में एक फूड डिलीवरी ब्वॉय की किस्मत खुल गई है। 29 वर्षीय लोकेश कुमार चेन्नई में फूड डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। इनका चयन नीदरलैंड्स के लिए नेट में गेंदबाजी करने के लिए हुआ है।

इन गेंदबाजों का भी हुआ है चयन

लोकेश कुमार लेग स्पिनर हैं। उन्हें नीदरलैंड्स के लिए नेट गेंदबाज के रूप में चुना जाना उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। वह अलूर में नीदरलैंड्स के लिए ट्रेनिंग कैंप के दौरान गेंदबाजी करेंगे।

नेट में करेंगे गेंदबाजी

लोकेश कुमार के अलावा नीदरलैंड्स ने तीन और युवाओं का चयन किया है। इनमें हेमंत कुमार, राजमणि प्रसाद और हर्ष शर्मा शामिल हैं। हेमंत कुमार बाएं–हाथ के तेज गेंदबाज हैं। राजमणि प्रसाद चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नेट गेंदबाजी कर चुके हैं। हर्ष शर्मा बाएं–हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर हैं।

# एशियाई गेम्सः बारिश की भेंट चढ़ा भारत– मलेशिया मुकाबला, टीम इंडिया सेमीफाइनल में

हांगझोउ । एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मलेशिया के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया लेकिन अधिक वरीयता की वजह से भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

एशियाई खेल में पदार्पण कर रहे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 173/2 का स्कोर बनाया और झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में बारिश के कारण खेल रुकने से पहले मलेशिया का स्कोर 1/0 रहा। एशियाई खेल 2023 में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत शीर्ष वरीयता प्राप्त है। भारत की तरफ से मौजूदा कप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत की। पहले विकेट के लिए दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। छठे ओवर में स्मृति मंधाना 16 गेंदों पर 27 रन के निजी स्कोर पर माहिरा इज़ुज़ती इस्माइल की गेंद पर कैच आउट हुई। इसके दो गेंद बाद ही बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मैच तकरीबन एक घंटा और 15 मिनट बाद दोबारा शुरू हुआ। बारिश की वजह से अब यह मैच 20 की जगह 15 ओवर का हो गया। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने तूफानी बल्लेबाजी का मुज़ाहिरा करते हुए तेज़ी से रन बटोरने शुरू किए।



शेफाली वर्मा 67 रन बनाकर मास अलीसा का शिकार बनीं। इसके बाद रिचा घोष ने सात गेंदों पर नाबाद 21 रनों की पारी खेली। जबकि जेमिमा

रोड्रिग्स ने 29 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। इसके साथ भारत ने 15 ओवर में 173/2 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

मलेशिया की टीम अपनी पारी में सिर्फ दो गेंद ही बल्लेबाजी कर पाई। बारिश की वजह से मैच को रोकना पड़ा और आखिर में यह मैच अंपायरों द्वारा रद्द घोषित कर दिया गया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अधिक वरीयता के कारण सेमीफाइनल में प्रवेश करने में कामयाब रही। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब अपना सेमीफाइनल मुकाबला रविवार, 24 सितंबर को बांग्लादेश और हांग–कांग टीम के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल–4 मैच की विजेता टीम के साथ खेलेगी।

**भारत बनाम मलेशिया महिला क्रिकेटः : संक्षिप्त स्कोर**

भारत महिला 15 ओवर में 173/2 (शेफाली वर्मा 67, जेमिमा रोड्रिग्स 47); मलेशिया महिला 0.2 ओवर में 1/0।

## फिल्मी दुनियां

# जिमी शेरगिल की चूना की नई रिलीज तारीख जारी, 29 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक

अभिनेता जिमी शेरगिल अपनी नई वेब सीरीज चूना को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज अगस्त में रिलीज होनी थी। लेकिन, इसकी रिलीज डेट को टाल दिया गया। बड़ी बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए अब एक खुशखबरी है। चूना को नई रिलीज डेट मिल गई है। उत्तर प्रदेश की राजनीति की पृष्ठभूमि पर बनी यह सीरीज इसी महीने रिलीज होगी।

बता दें कि यह वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर नई रिलीज डेट का एलान किया है। इसके मुताबिक यह सीरीज 29 सितंबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो शेयर कर लिखा है, मुहूर्त बदला, लेकिन चूना लगाने का इरादा नहीं बदला। सीरीज 29 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



आज साझा किए गए वीडियो को देखकर लग रहा है कि सीरीज में जबर्दस्त एक्शन देखने को मिलेगा। बता दें कि सीरीज में अभिनेता जिमी शेरगिल उत्तर प्रदेश के एक नेता शुक्ला का किरदार निभा रहे हैं जो अपना हर कदम सितारों की ग्रह चाल देखकर ही उठाता है। सीरीज का निर्देशन पुष्पेंद्र नाथ मिश्रा ने किया है। सीरीज में जिमी शेरगिल के अलावा आसिम गुलाटी, विक्रम कोचर, चंदन रॉय, नमित दास, मोनिका पवार, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी और अतुल श्रीवास्तव जैसे कलाकारों की मुख्य भूमिकाएं हैं।

बता दें कि पहले यह सीरीज तीन अगस्त को रिलीज होने वाली थी। लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट टाल दी गई। इस सीरीज में काम करने का अनुभव साझा करते हुए जिमी ने कहा, शो का हिस्सा बनना काफी रोमांचक अनुभव रहा। मेरा किरदार शुक्ला काफी स्मार्ट और समझदार है। कोई कभी नहीं जान सकता कि किस स्थिति में वह क्या फैसला कर सकता है। दर्शकों को यह सीरीज जरूर पसंद आएगी।

### रक्तांचल 2 अभिनेता करण पटेल की डर्रान छू की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

बॉलीवुड अभिनेता करण पटेल को पिछली बार वेब सीरीज रक्तांचल 2 में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। अब करण ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम डर्रान छू रखा गया है।

इसमें आशुतोष राणा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।डर्रान छू का निर्देशन भारत रतन द्वारा किया जा रहा है तो वहीं मीनू पटेल और अंकिता द्वारा इसके निर्माता हैं।

कॉमेडी से भरपूर फिल्म डर्रान छू 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।निर्माताओं ने फिल्म का पहला प्रोमो वीडिया भी जारी किया है, जिसमें करण बेहद परेशान नजर आ रहे हैं।बता दें, करण ने साल 2003 में टीवी शो कहानी घर–घर की से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

# तितली में मेघा प्रसाद की एंट्री, मनोवैज्ञानिक का निभाएंगी किरदार

एक्ट्रेस मेघा प्रसाद, जिन्होंने लव स्टोरी ड्रामा तितली में एंट्री की है, ने अपने किरदार के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि वह हमेशा सामान्य से कुछ अलग करना चाहती थीं।

वह गर्व (अविनाश मिश्रा द्वारा अभिनीत) का इलाज करने वाली मनोवैज्ञानिक का किरदार निभाती नजर आएंगी।

अपनी एंट्री और किरदार के बारे में बात करते हुए मेघा ने कहा, मैं तितली का हिस्सा बनकर बेहद खुश और आभारी हूं। यह एक अनोखा शो है और मैं हमेशा सामान्य से कुछ अलग करना चाहती थी। इसका विषय बहुत अच्छा है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं और भी अधिक उत्साहित हूं क्योंकि मैं एक मनोवैज्ञानिक की भूमिका निभा रही हूं जो दूसरों के मानसिक संतुलन के लिए उनके पिछले दर्दनाक घावों को ठीक करती है। उन्होंने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मेरे किरदार का नाम भी मेघा है। मैं बेहद उत्साहित हूं और एक अनोखे तरीके से मेघा का किरदार निभाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि लोगों को मेरा किरदार पसंद आएगा। तितली एक प्रेम कहानी है, जहां तितली नाम की एक खुशमिजाज और जीवंत लडकी अपने आदर्श पुरुष को ढूंढने और उसके साथ परियों जैसा जीवन जीने की तलाश में है।



# कह दूं तुम्हें की अभिनेत्री युक्ति कपूर ने कहा, शो में मेरा किरदार सिंगल मदर्स के लिए प्रेरणा



शो कह दूं तुम्हें में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपने किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है। पंचगनी पर आधारित शो कह दूं तुम्हें एक मनोरंजक, मर्डर मिस्ट्री और प्रेम कहानी है, जिसमें कीर्ति (युक्ति द्वारा अभिनीत) और विक्रांत (मुदित नैय्यर द्वारा अभिनीत) की भावनाओं के विभिन्न रंग और भावनात्मक, रोमांचकारी रोलर कोस्टर देखने को मिलेंगे।

शो पर बात करते हुए युक्ति ने कहा, कीर्ति एक सिंगल मदर हैं। वह आत्मविश्वासी, मजबूत महिला हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे कीर्ति का किरदार निभाने का मौका मिला। दर्शकों को कीर्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू देखने को मिलेंगे। वह एक उद्देश्य वाली महिला है। मेरा लक्ष्य कीर्ति बनकर अन्य सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण बनना है।

निर्माता श्वेता शिंदे ने साझा किया, मैंने अपने मन में एक थ्रिलर शैली का शो बनाने की कल्पना की थी। कह दूं तुम्हें एक ऐसा शो है, जिसमें कॉमेडी के साथ–साथ थ्रिलर ड्रामा भी है।उन्?होंने कहा, शो के लिए मुदित नैय्यर हमेशा से मेरी पहली पसंद थे। मैं उनसे बेहद प्रभावित हुई और उन्हें अपने साथ ले लिया।

# विवेक अग्निहोत्री ने जारी किया द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर, पल्लवी जोशी की दिखी झलक

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बन रही फिल्म द वैक्सीन वॉर पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में है। यह फिल्म 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकारों की झलक देखने को मिली।अब इस बीच विवेक ने द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें पल्लवी जोशी अपनी भूमिका में नजर आ रही हैं।

विवेक ने अपने आधिकारिक एक्स पर द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर साझा किया है।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पेश हैः भारत के असली सुपरहीरो के बारे में एक फिल्म। एक ऐसी कहानी जो हर माता–पिता अपने बच्चों को दिखाना चाहेंगे। द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर, 2023 को दुनियाभर में रिलीज हो रही है।इसमें अनुपम खेर, नाना पाटेकर और राइमा सेन समेत कई कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म कोरोना वॉरियर्स की जिंदगी को दिखाएगी।




यह इंडिया की पहली बायो–साइंस फिल्म है, जो कि भारत बायोटेक और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा को–वैक्सीन बनाने की यात्रा को दिखाएगी। इस फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी टूर के हिस्से के रूप में यूएसए में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। द कश्मीर फाइल्स के बाद अब दर्शकों के बीच द वैक्सीन वॉर को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। विवेक अग्निहोत्री की पिछली फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने बॉक्स–ऑफिस पर तहलका मचा दिया था.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com